तापमान

अधिकतम 23 डिग्री

न्यूनतम 11 डिग्री

हरिभूमि

# कोरिया भूमि

बिलासपुर, शुक्रवार 28 नवंबर 2025

बैकुंठपुर | मनेन्द्रगढ़ | चिरमिरी | खड़गवां | भरतपुर-सोनहत | जनकपुर

4 तहसीलदार ने बीएलओ को लगाई फटकार



## खबर संक्षेप

### अचानक चार छात्राएं हुईं बेहोश, अस्पताल में भर्ती

**बैकुण्ठपुर।** जिला मुख्यालय बैकुंठपुर के निकट ग्राम सलका स्थित हाई स्कूल की चार छात्राएं गुरूवार को दोपहर के समय अचानक स्कूल में बेहोश हो गई, जिन्हें विद्यालय प्रबंधन द्वारा एम्बुलेंस की सहायता से उपचार के लिए जिला अस्पताल बैकुंठपुर लाया गया और सभी प्रभावित छात्राओं को उपचार के लिए भर्ती किया। इनमें से तीन छात्राओं की स्थिति ठीक हो गई ,लेकिन एक छात्रा को काफी देर तक होश नहीं आया था। खबर पर पीड़ित छात्राओं के परिजन भी जिला अस्पताल पहुंच गए। जानकारी के अनुसार हाई स्कूल सलका की एक छात्रा बुधवार को दोपहर के समय अचानक बेहोश हो गई। विद्यालय प्रबंधन को इसकी जानकारी होने पर तत्काल अस्पताल ले जाने की कवायद शुरू कर दी, लेकिन इसके बाद तीन अन्य छात्राओं की तबीयत खराब हो गई, इससे विद्यालय में हड़कंप मच गया। विद्यालय प्रबंधन एम्बुलेंस बुलाकर सभी को उपचार के लिए जिला चिकित्सालय भेजवाया। फिलहाल एक -एक कर चार छात्राओं की अचानक तबीयत क्यों बिगड़ी यह स्पष्ट नहीं हो पाया है।

### सिविंग ऑपरेटर के लिए वॉक-इन इंटरव्यू 1 को

**बैकुण्ठपुर।** मुख्यमंत्री कौशल विकास योजना के अंतर्गत औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था जनकपुर में सिविंग ऑपरेटर ट्रेड के प्रशिक्षण के लिए अतिथि प्रशिक्षक की नियुक्ति की प्रक्रिया प्रारंभ कर दी गई है। इस पद पर नियुक्ति वॉक-इन इंटरव्यू के माध्यम से की जाएगी। इच्छुक अभ्यर्थियों के लिए न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता संबंधित ट्रेड या विषय में आईटीआई सीआईटीएस अथवा डिप्लोमा या डिग्री के साथ निर्धारित अनुभव होना आवश्यक है। योग्य अभ्यर्थियों से अनुरोध है कि वे 1 दिसंबर को सुबह 10:30 से दोपहर 12 बजे के बीच शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था जनकपुर में अपने सभी आवश्यक दस्तावेजों के साथ उपस्थित हों।

### नि:शुल्क कोचिंग के लिए पंजीयन प्रक्रिया शुरु

**बैकुण्ठपुर।** एसईसीएल द्वारा सीएसआर के तहत शिक्षा पहल एसईसीएल के सुश्रुत के तहत नीट मेडिकल कोचिंग के लिए निःशुल्क आवासीय कोचिंग सुविधा देगी, इसके लिए ऑनलाईन पंजीयन प्रक्रिया शुरू हो गया है तथा आगामी 5 दिसंबर को पंजीकरण की अंतिम तिथि निर्धारित है, इसके बाद 7 दिसंबर को प्रवेश परीक्षा आयोजित की जाएगी। जानकारी के अनुसार एसईसीएल द्वारा निःशुल्क मेडिकल आवासीय कोचिंग के लिए ऐसे छात्र-छात्राए पात्र होंगे, जिन्होंने कक्षा 12 वीं परीक्षा 60 प्रतिशत अंकों के साथ उत्तीर्ण की होतथा एसईसीएल संचालन क्षेत्रों के वे विद्यार्थी जो प्रोजेक्ट प्रभावित क्षेत्रों के गांव व आस-पास के गांवों में रहते हैं तथा एसईसीएल प्रतिष्ठान के 25 किमी के भीतर निवास करते हो। इस योजना में एसईसीएल कर्मी के बच्चे पात्र नहीं है।

## प्रदेशाध्यक्ष किरण पहुंचे एमसीबी, भाजपा जिला कार्यालय का भूमिपूजन

# भाजपा सरकार अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति के साथ

हरिभूमि न्यूज ⏭ मनेन्द्रगढ़

भारतीय जनता पार्टी जिला मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर के नवीन जिला कार्यालय का भूमिपूजन समारोह गुरूवार को एफसीआई गोदाम के सामने चैनपुर मनेन्द्रगढ़ में विधि-विधान से संपन्न हुआ। कार्यक्रम में भाजपा प्रदेशाध्यक्ष किरणदेव सिंह, प्रदेश संगठन मंत्री, प्रदेश कोषाध्यक्ष राम गर्ग, राज्य सरकार के मंत्री रामविचार नेताम व स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल, प्रदेश मंत्री अखिलेश सोनी, विधायक रेणुका सिंह, भरतपुर-सोनहत विधायक तथा जिलाध्यक्ष श्रीमती चंपा देवी पावले सहित भाजपा संगठन के कई वरिष्ठ नेता व काफी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कार्यक्रम स्थल पर भारी भीड़ और उत्साह देखते ही बनता था।

इस अवसर पर जिलाध्यक्ष श्रीमती चंपा देवी पावले ने प्रदेश नेतृत्व का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि आपके मार्गदर्शन में सर्वसुविधायुक्त कार्यालय का निर्माण होगा। यह कार्यालय संगठन की मजबूती का आधार बनेगा। आपके आगमन से एक-एक कार्यकर्ता उत्साहित और ऊर्जावान हुआ है। स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने आज के दिन को ऐतिहासिक बताते हुए कहा कि भाजपा जिला कार्यालय का यह भूमिपूजन स्वर्ण अक्षरों में दर्ज होगा। उन्होंने कहा कि यह कार्यालय भाजपा संगठन के लिए मंदिर की तरह है, जो हजारों कार्यकर्ताओं के लिए प्रेरणा का केन्द्र बनेगा। उन्होंने कार्यकर्ताओं को बधाई देते हुए पार्टी की मजबूती और सेवा भाव को सर्वोपरि बताया। प्रदेश प्रभारी मंत्री रामविचार नेताम ने भाजपा संगठन की यात्रा को याद किया। उन्होंने कहा कि कोई नहीं सोच सकता था कि इतने बड़े कार्यालय की नींव रखी जाएगी। संगठन ही राजनीति को गति देता है और संगठन के लिए कार्यालय अनिवार्य है। आप सभी की मेहनत और समर्पण से यह 2 एकड़ भूमि उपलब्ध हो सकी है। उन्होंने एक वरिष्ठ कार्यकर्ता को मंच पर बुलाकर स्वास्थ्य मंत्री से उनका सम्मान कराया। साथ ही सरगुजा से कोरिया, सूरजपुर और एमसीबी जिले की संगठनात्मक यात्रा के संघर्षपूर्ण चरणों का स्मरण कराया। उन्होंने कहा कि 90 के दशक में अटल जी के कार्यक्रमों से लेकर आज तक भाजपा कार्यकर्ता सेवा और समर्पण की मिसाल रहे हैं। किसानों, जरूरतमंदों और आमजन तक पहुंचने में भाजपा कार्यकर्ता हमेशा अग्रणी रहे हैं।

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण देव सिंह ने कहा कि पिछले दो-तीन दिनों से स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल और जिलाध्यक्ष श्रीमती चंपा देवी पावले लगातार कार्यक्रम की तैयारियों पर चर्चा कर रहे थे और हर बार यह कहा गया कि आपके आगमन पर यहां कार्यकर्ताओं में अलग ही स्फूर्ति दिखाई देगी। उन्होंने कहा कि एमसीबी भाजपा के लिए यह नव निर्माण का दिन है। वर्षों से प्रतीक्षित कार्यालय आज आकार ले रहा है। भाजपा जहां भी कार्यालय की नींव रखती है, वहां प्रदेश नेतृत्व उसे समय पर पूर्ण कर कार्यकर्ताओं को समर्पित करता है। उन्होंने कहा कि भाजपा संगठन देश के मानचित्र पर 11 वर्षों से अपनी मजबूत पहचान बनाए हुए हैं। संख्या में 4, 5, 7 से बढ़ते हुए आज भाजपा करोड़ों कार्यकर्ताओं का विशाल परिवार बन गया है। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि भाजपा की सरकार अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक लाभ पहुंचाने के सिद्धांत पर कार्य करती है। उन्होंने मतदाता सूची पुनरीक्षण अभियान में कार्यकर्ताओं की मेहनत का विशेष उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि कार्यकर्ताओं ने मोहल्लों और गांवों में जाकर पूरी सजगता से काम किया है। कार्यक्रम के अंत में सभी अतिथियों का भाजपा पदाधिकारियों द्वारा स्मृति चिन्ह प्रदान कर स्वागत किया गया तथा वरिष्ठ कार्यकर्ताओं को साल और श्रीफल देकर ⏭ शेष पेज 4 पर



मंच पर उपस्थित प्रदेशाध्यक्ष किरण देव सिंह, मंत्री व अन्य।

### प्रथम कोरिया आगमन पर स्वागत



भाजपा प्रदेशाध्यक्ष का स्वागत करते भाजपाई।

**बैकुण्ठपुर।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेशाध्यक्ष किरण देव के प्रथम कोरिया आगमन पर जिलाध्यक्ष देवेन्द्र तिवारी के नेतृत्व में पार्टी कार्यकर्ताओं ने खरवत चौक में करमा, ढोल-नगाड़ा व आतिशबाजी के साथ भव्य स्वागत किया। इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष देवेन्द्र तिवारी, पूर्व जिलाध्यक्ष केबी जायसवाल, पूर्व नपाध्यक्ष शैलेश शिवहरे, जिला उपाध्यक्ष अशोक जायसवाल, बसंत राय, राजेश सिंह, अनिल साहू, रविशंकर राजवाड़े, जिला पंचायत अध्यक्ष मोहित पैकरा, जिला पंचायत उपाध्यक्ष वंदना राजवाड़े, नगर पालिका अध्यक्ष अरूण जायसवाल, जिला महामंत्री पंकज गुप्ता, कपिल जायसवाल, जिला मंत्री शारदा गुप्ता, शिव कुमारी सोनपाकर, ईश्वर राजवाड़े, चुन्नी पैकरा, प्रदीप तिवारी, नगर पंचायत अध्यक्ष श्रीमती गायत्री सिंह, जनपद अध्यक्ष आशादेवी सोनपाकर, उपाध्यक्ष प्यारे साहू, जिला सह कोषाध्यक्ष राजेन्द्र चक्रधारी, जिला मीडिया प्रभारी तीरथ राजवाड़े, जिला कार्यालय मंत्री मंजू जिवनानी, जिला सह मीडिया प्रभारी वर्षा साहू, जिला सोशल मीडिया संयोजक जगनारायण साहू, सह संयोजक राकेश गुप्ता, महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष धर्मवती राजवाड़े, महामंत्री संगीता गुप्ता, किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष नरेश्वर रजक, अल्प संख्यक मोर्चा जिलाध्यक्ष अरशद खान, मंडल अध्यक्ष अनिल खटिक, रामलखन यादव, मैनेजर राजवाड़े, संजय चिकनजूरी, किशोर सिरदार, राजाराम राजवाड़े, रमन गुप्ता, मनोज साहू, सुरेश राजवड़े, सचिदानंद द्विवेदी, सुशीला साहू, रीता यादव, रामाशंकर सिंह, सचिन मलिक, मन्ना चक्रधारी, सुभाष साहू, बिजेन्द्र जायसवाल, अवध बिहारी जायसवाल, सुरेन्द्र चक्रधारी, संतोष राजवाड़े, सुखदेव राजवाड़े, रामाशंकर उईके, धीरेन्द्र साहू, सुरेश सिरदार, मनोज सोनवानी, प्रियंक सिंह, साक्षी सिंह, रमावती राजवाड़े सहित काफी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# बेटा ही निकला अपने पिता का हत्यारा



हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

कोरिया जिले के चौकी बचरापोंड़ी अंतर्गत ग्राम बड़े साल्ही चीतामाड़ा में खलिहान के पास संदिग्ध स्थिति में एक व्यक्ति का शव मिलने की सूचना पर पुलिस तत्काल सक्रिय हुई। सूचना मिलते ही पुलिस अधीक्षक रवि कुर्रे के निर्देशन तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पंकज पटेल के नेतृत्व में थाना कोतवाली प्रभारी विपिन लकड़ा एवं चौकी प्रभारी अब्दुल मुनाफ के साथ टीम मौके पर पहुंची।

- कोरिया पुलिस ने 24 घंटे में सुलझाई अंधे कत्ल की गुत्थी

जांच में मृतक की पहचान उसी गांव निवासी जगलाल सिंह के रूप में हुई। पता चला कि वह अपने कटे धान की रखवाली करने खलिहान में रात के समय सोया हुआ था। मामले की गंभीरता को देखते हुए डॉग स्क्वॉड, फोरेंसिक टीम और साइबर सेल को बुलाया गया तथा घटनास्थल का बारीकी से निरीक्षण किया गया। गवाहों से पूछताछ में पुलिस को पता चला कि मृतक का बड़ा बेटा धर्मेन्द्र सिंह शराब का आदी था और धान बेचकर रूपए हासिल करता था। पिता द्वारा लगातार मना करने और रूपए न देने पर धर्मेन्द्र उनसे अक्सर विवाद करता था तथा जान से मारने की धमकी भी देता था। 24 नवंबर की रात मृतक जगलाल खलिहान में सो रहा था। इसी दौरान आरोपी धर्मेन्द्र को पता चला कि उसका पिता अकेले सोया है, जिसके बाद उसने हत्या की योजना बनाई। रात करीब 2 से 3 बजे के बीच वह खलिहान पहुंचा और पास ही रखे भारी पत्थर को उठाकर अपने पिता के सिर पर जोर से पटक दिया, जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई। हत्या के बाद उसने सबूत छुपाने के लिए वहीं पत्थर अपने घर के कुएं में फेंक दिया।

पुलिस द्वारा कड़ी पूछताछ में धर्मेन्द्र ने अपना अपराध स्वीकार कर लिया। उसके निशानदेही पर हत्या में प्रयुक्त पत्थर जब्त किया गया। आरोपी के विरूद्ध अपराध क्रमांक 395/2025, धारा 103 (1) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज कर लिया गया है। वहीं आरोपी को गिरफ्तार कर 27 नवंबर को न्यायालय में पेश कर जेल भेजा गया। इस कार्रवाई में उप निरीक्षक लवांग सिंह, सहायक उप निरीक्षक गुरूप्रसाद यादव, प्रधान आरक्षक सुनील साहू, आरक्षक मनोज पाण्डेय, गुलाल राजवाड़े, सुरेन्द्र तिर्की, साइबर सेल से अमरेशानंद ठाकुर, सजल जायसवाल, शिवम सिन्हा, राघवेन्द्र पुरी का विशेष योगदान रहा।

# धान कटाई का कार्य अब अंतिम दौर में



**बैकुण्ठपुर।** कोरिया जिले में 15 नवंबर से पंजीकृत किसानें से धान खरीदी की शुरूआत हो गई है, लेकिन इस अवधि तक जिले के अधिकांश जगहों पर पकी धान की कटाई नहीं हुई थी, इसके पूर्व तीन-चार दिनों तक बदली बारिश के चलते कटाई कार्य प्रभावित रही, लेकिन मौसम साफ होने के बाद धान की कटाई का कार्य जोर पकड़ने लगा।

आज कोरिया जिले में धान कटाई अब पूर्णता की ओर है। कुछ ही क्षेत्रों में धान कटाई करना शेष है, लेकिन तेजी से किसान परिवार धान कटाने एवं ढुलाई करने में व्यस्त हैं, इसके अलावा किसान परिवार कटे हुए धान फसल को खलिहान में एकत्र कर मिसाई कार्य भी कर रहे हैं। वर्तमान में ज्यादातर किसान मशीनों के माध्यम से धान की मिसाई करवा रहे हैं, लेकिन कई किसान ऐसे भी हैं, जो परंपरागत बैलों की सहायता से धान की मिसाई कर रहे, जिसमें अधिक समय लगता है, लेकिन मशीनी प्रक्रिया से मिसाई कराने में रूपए खर्च करना पड़ता है और कार्य जल्द हो जाता है, वहीं बैलों की सहायता से परंपरागत तरीके से धान की मिसाई करने से समय अधिक लगता है, लेकिन रूपए खर्च करने नहीं पड़ते। बीते गुरूवार को ग्राम लटमा के एक किसान के द्वारा धान की मिसाई अपने खलिहान में बैलों की सहायता से करते हुए दिखा। ऐसे कई किसान है, जिनके द्वारा आज भी खेतों से काटकर खलिहान में रखे गए धान की मिसाई बैलों की सहायता से करते हैं।

### मृत कर्मचारी की विधवा बनकर ठगी का प्रयास

**चरचा कॉलरी।** एसईसीएल चरचा क्षेत्र में अनुकंपा नियुक्ति और मृत कर्मचारी के जमा फंड हड़पने की साजिश से जुड़ा बड़ा मामला सामने आया है। रायगढ़ निवासी एक महिला ने अपने मृत पुत्र के नाम पर एक अन्य महिला द्वारा फर्जी विधवा बनकर नौकरी व संपूर्ण फंड की राशि पर कब्जा जमाने के प्रयास की शिकायत की है। पीड़िता सूरज कंवर पति राधेश्याम जाति कंवर, निवासी ग्राम छाल, तहसील छाल, जिला रायगढ़ (छ.ग.) ने बताया कि उसका पुत्र स्व. नंदकुमार पिता राधेश्याम एसईसीएल चरचा कॉलरी में कार्यरत था और सेवाकाल के दौरान उसकी मृत्यु हो गई। मृतक अविवाहित था, लेकिन उसकी मृत्यु के बाद भनेश्वरी नामक महिला स्वयं को मृतक की पत्नी/विधवा बताकर अनुकंपा नियुक्ति और जमा संपूर्ण फंड की राशि हड़पने के प्रयास में लगी हुई है। आवेदिका के अनुसार उसके पुत्र का कभी विवाह हुआ ही नहीं, इसलिए महिला पूरी तरह फर्जी तरीके से नौकरी और धन लाभ लेने का प्रयास कर रही है। पीड़िता के अनुसार यह मामला लेकर जब वह थाना चरचा पहुंची तो कर्मचारियों ने आवेदन स्वीकार करने से ही इनकार कर दिया।

हरिभूमि

जन्मदिन उत्सव महाबम्पर ड्रा

सांत्वना पुरस्कार विजेताओं के नाम

**रायपुर संस्करण -** 149. विजय कुमार डोंगरे पिता\पति स्व. सेवक राम डोंगरे पता - प्रेम नगर लोधी पारा गुढ़ियारी रायपुर, 150. केशव देवांगन पिता\पति हेमलाल देवांगन पता - बीरगांव वार्ड क्र. 26, 151. गौरव साहू पिता\पति मनी साहू पता - सुदामा नगर टिकरापारा रायपुर, 152. ज्योत्सना चौकीदार पिता\पति स्व. सेवक राम डोंगरे पता - पहाड़ी पारा गुदियारी रायपुर, 153. मनीष साय पिता\पति मोहन साय पता - आर.डी. ए छोटी कॉलोनी टिकरापारा, 154. खूबचंद साहू पिता\पति दीनदयाल साहू पता - भनपुरी रायपुर, 155. अनीता ध्रुवंशी पिता\पति स्व. लक्ष्मी सिंह ध्रुवंशी पता - राधास्वामी नगर रायपुर , 156. संस्कार सोनकर पिता\पति स्व. दीपक सोनकर पता- ब्रम्हदेव कॉलोनी भाटागाँव रायपुर, 157. टिकेश्वर साहू पिता\पति जय प्रकाश साहू पता - बोरिया कला, 158. अनीता पटेल पिता\पति देवसिंह पटेल पता - ग्राम पोस्ट टेकारी (कुंडा), 159. हरीश कुमार साहू पिता\पति नारायण साहू पता-परसदा जोशी, 160. अभिषेक साहू पिता\पति द्वारिका प्रसाद साहू पता-शंकर नगर कोष्टा पारा वार्ड 25, 161. डागेश मंडावी पिता\पति चंद्रहास मंडावी पता-सेहरा डबरी वार्ड 08 कॉलोनी, 162. पुर्वाशी साहु पिता\पति रीकेश कुमार साहु पता- रावन भाटा नगरी, 163. उमभावानी साहू पिता\पति शिवकुमार साहू पता- टेड़ेसरा, 164. झाविश साहू पिता\पति रोमलाल साहू पता-कौरिन भाठा बसंतपुर, 165. निशा साहू पिता\पति नरेन्द्र कुमार साहू पता- टेड़ेसरा राजनादगांव, 166. घनश्याम प्रसाद शर्मा पिता\पति अयोध्या प्रसाद पता- वार्ड न. 11 बेमेतरा, 167. विधान मिश्रा पिता\पति प्रफुल्ल मिश्रा पता- भानुप्रतापपुर, 168. रामपाल साहू पिता\पति स्व. रामेशर साहू पता- घुमका, 169. साक्षी घोस पिता\पति एस. घोस पता- न्यू हाउसिंग वार्ड कॉलोनी जगदलपुर, 170. भामा यादव पिता\पति राकेश कुमार यादव पता-कलेक्ट्रेट कॉलोनी मचेवा, 171. संदीप पाण्डेय पिता\पति रामजी प्रसाद पता- कवर्धा, 172. भाव्या पिता\पति अश्वनी कुमार पता-बुगबड़ा 173. देव सिंह बघेल पिता\पति कपिल राम बघेल पता- बांधापारा कोंडागांव, 174. शिव रानी पिता\पति आर. त्रिमूर्तिय पता- भिलाई सेक्ट -9 हॉस्पिटल, 175. देविका सोनी पिता\पति हरीश कुमार सोनी पता-दुर्ग, 176. देवनाथ देवांगन पिता\पति स्व. कवल सिंह देवांगन पता- म.न. 95 वार्ड न. 56 बघेरा दुर्ग, 177. अशोक सिन्हा पिता\पति दुकालू राम सिन्हा पता- गया नगर दुर्ग, 178. सृष्टि चौधरी पिता\पति स्व. राजेश चौधरी पता- प्लाट न. 4/5 राधिका नगर भिलाई, 179. भारती साहू पिता\पति युवराज साहू पता-EWS 8/2 कोसा नगर दुर्ग, 180. टेरेन्स ठाकुर पिता\पति येदलाल ठाकुर पता- वर्मा हार्डवेयर रामनगर मुक्ति धाम भिलाई, 181. आरुशी टंडन पिता\पति हरीश टंडन पता- राम चौक रामनगर सुपेला भिलाई, 182. गरिमा सिन्हा पिता\पति राजेंद्र प्रसाद सिन्हा पता- सुपेला पांच रास्ता भिलाई, 183. कनक लता दिल्लीवार पिता\पति जनक लाल दिल्लीवार पता-विनायकपुर दुर्ग, **बिलासपुर संस्करण -** 184. प्रहलाद सिंह नेताम, पिता/पति-- दाऊराम नेताम, पता - अश्वग्रीन कॉलोनी, सेंदरी जिला बिलासपुर, 185. अक्जा सिद्दिकी, पिता/पति- फिरोज अहमद सिद्दिकी पता- लिंक रोड बिलासपुर, 186. कृष्ण कुमार यादव पिता/पति- स्व.रामस्वरूप यादव, पता- मगरपारा बिलासपुर, 187. विशेष कुमार महानंद पिता/पति- राजकुमार महानंद, पता- जबड़ापारा सरकंडा, बिलासपुर, 188. रविशंकर मिश्रा पिता/पति- अयोध्या प्रसाद मिश्रा पता- सरकंडा, बिलासपुर, 189. मयंक ऊके पिता/पति- अरविंद ऊके, पता- मगरपारा, बिलासपुर, 190. नीलू कुमारी पिता/पति- स्व. यूवेल कुमार, पता- आधार विद्या मंदिर, तालापारा, बिलासपुर, 191. कुंदन कटैलिहा, पिता/पति- नर्मदा कटैलिहा पता- सदर बाजार, बिलासपुर, 192. नंदलाल कोसले पिता/पति- शिव कुमार कोसले, पता- इमलीभाठा, बंधवापारा, बिलासपुर 193. जे. बी. सिद्दिकी पिता/पति- मो. तौफीक सिद्दिकी, पता- इंद्रपुरी रोड, शांति नगर, तिफरा, बिलासपुर, 194. रितेश जग्गा पिता/पति- नानकराम जग्गा, पता- बिलासपुर 195. चंद्रकली टंडन, पिता/पति- स्व. अशोक कुमार सूर्यवंशी पता- सोनवानी गली, मंझवापारा, बिलासपुर, 196. कौशिल्या शर्मा पिता/पति- स्व.गोधन शर्मा पता- दीनदयाल कॉलोनी, मंगला, बिलासपुर, 197. मंजूलता पटेल पिता/पति- नरेशराम पटेल, पता- मंगला, बिलासपुर, 198. गंगोत्री बाई कौशिक पिता/पति- भगवानीराम कौशिक पता- पेण्डारी, बिलासपुर, 199. स्वाति बाजपेयी पिता/पति- उज्वल बाजपेयी, पता- वार्ड नं. 16, वैशाली नगर, बिलासपुर, 200. सुधीर खंडेलवाल पिता/पति- स्व. विष्णु स्वरूप जी पता- ग्रीन गार्डन कालोनी बिलासपुर, 201. सरिता जायसवाल पिता/पति- दीपक जायसवाल, पता- एल आई जी 47, दीनदयाल कॉलोनी, मंगला बिलासपुर, 202. अशोक सूर्यवंशी पिता/पति- गेंदलाल सूर्यवंशी, पता- राजीव गांधी चौक, जरहाभाठा बिलासपुर, 203. तापस चटर्जी पिता/पति- स्व.एम.चटर्जी, पता- हेमू नगर, बिलासपुर, 204. पायल अग्रवाल पिता/पति- स्व. सी.एल. अग्रवाल, पता- तेलीपारा सरजू बगीचा बिलासपुर , 205. देवहूति चंद्रा पिता/पति- केशवराम चंद्रा पता- कपिल नगर सरकंडा, बिलासपुर, 206. गंगोत्री बाई कौशिक पिता/पति-कोमल प्रसाद कौशिक, पता- हांफा, बिलासपुर, **भोपाल संस्करण -** 207. मनीष प्रजापति पिता\पति - उदमसिंह प्रजापति पता-जगदीशपुर इस्लाम नगर, 208. भूरी बाई पिता\पति - दिनेश कुमार पता-इस्लाम नगर बैरसिया रोड भोपाल, 209. अर्शी शेख पिता\पति - आबिद शेख पता- म न 340 हनीफ कॉलोनी भोपाल, 210. मुकेश सेन पिता\पति- प्रेम नारायण सेन पता-52 ग्राम इस्लाम नगर बैरसिया रोड भोपाल, 211. देवेन्द्र भावसार पिता\पति - जानकी वल्लभ पता- भावसार जीरापुर, 212. रमेशचंद्र राठौर पिता\पति - पन्नालाल राठौर पता- जीरापुर, 213. नेहा पिता\पति - रामचंद्र जीरापुर, 214. कनिष्का राठौर पिता\पति - रामबाबू राठौर पता- आवास कॉलोनी जीरापुर, **जबलपुर संस्करण -** 215. संध्या पिता\पति - विजय उसरेठे कुमार पता- कटनी, 216. तन्मय सेन पिता\पति - रत्नेश सेन पता-भट्टा मोहल्ला मुड़वारा कटनी, 217. शिवांश सिंधिया पिता\पति - अमित सिंधिया पता- डॉ राजेंद्र प्रसाद वार्ड मंडला, 218. विकास मरावी पिता\पति - रेवंत सिंह पता- मरावी आमानाला मंडल, 219. रजनी मरावी पिता\पति - रेवंत सिंह मरावी पता-आमानाला मंडल, 220. राकेश मरावी पिता\पति - रेवंत सिंह मरावी पता-आमानाला मंडल, 221. दिव्यांजली वर्मा पिता\पति - धीरेंद्र कुमार विश्वकर्मा पता-पाली उमरिया, 222.संदीप कुमार द्विवेदी पिता\पति - रमेश प्रसाद द्विवेदी वार्ड नंबर 1 समनापुर अनूपपुर।

नियम एवं शर्तें लागू*

शेष विजेताओं की सूची के लिये पढ़ते रहिए हरिभूमि

## कोहरे का भी पड़ रहा असर

# बादल साफ होते ही ठंड का असर बढ़ा, लुढ़का पारा

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

बादलों के छॅटने के बाद कोरिया जिले में ठंड का असर बढ़ गया, इसके बाद बादलों के आसमान में छाने के कारण तापमान में ज्यादा गिरावट नहीं होगी और ठंड के असर में कमी महसूस होगी, इसके बाद दिसंबर माह के शुरूआती दौर में ही तापमान का पारा लुढ़कने लगेगा , इससे ठंड में बढ़ोत्तरी होना शुरू हो जाएगा।

जानकारी के अनुसार जिले में बुधवार के कुछ दिन पूर्व आसमान में बादल छाए रहने के कारण ठंड में बढ़ोत्तरी नहीं हो रही थी, लेकिन बुधवार को आसमान में हल्के बादल रहे ,इससे ठंड का असर शुरू हो गया, इसके दूसरे दिन गुरूवार को आसमान से बादल पूरी तरह से साफ हो गया, इसके चलते इस दिन ⏭ शेष पेज 4 पर



### गर्म कपड़ों की दुकानों में ग्राहकी बढ़ी

अब तक ठंड की रफ्तार भले ही ज्यादा गति नहीं पकड़ी हो, लेकिन सुबह के समय तथा शाम ढलने के बाद ठंड अपना असर दिखाने लगी है, इसके चलते शहर में लगे अस्थाई गर्म कपड़ों की दुकानों में ठंड बढ़ने के साथ ही गर्माहट आ गई है। सभी गर्म कपड़ों की दुकानों में ग्राहकी तेज हुई है।

### आज से फिर छाएंगे बादल

समुद्री क्षेत्र में चक्रवाती तूफान के असर के चलते मौसम में हल्की उतार-चढ़ाव बना हुआ है। इसी प्रभाव से मौसम के तापमान में भी बदलाव हो रहा है। मौसम विभाग के अनुसार 28 नवंबर शुक्रवार को अधिकतम तापमान में एक डिग्री की बढ़ोत्तरी होकर अधिकतम तापमान 25 एवं न्यूनतम तापमान 7 डिग्री रहेगी साथ ही आसमान में बादल छाएंगे, इसके दूसरे दिन शनिवार को तापमान में बढ़ोत्तरी एक डिग्री की होगी और न्यूनतम तापमान में दो डिग्री की बढ़ोत्तरी होकर न्यूनतम तापमान 9 डिग्री रहेगी। चक्रवाती प्रभाव के चलते आगामी कुछ दिनों तक आसमान में बादल रहेंगे, इससे ठंड की रफ्तार कुछ धीमी रहेगी।

## खबर संक्षेप

### सरगुजा कांग्रेस के सभी वरिष्ठ नेताओं को दी गई उनके बूथ की जिम्मेदारी

**अम्बिकापुर।** प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार कांग्रेस जिलाध्यक्ष बालकृष्ण पाठक ने सरगुजा जिले के सभी प्रमुख कांग्रेस नेताओं को उनके बूथ पर एसआईआर की प्रक्रिया की जिम्मेदारी दी है। इसके तहत पूर्व डिप्टी सीएम टीएस सिंहदेव अंबिकापुर विधानसभा के बूथ क्रमांक 128 का कार्य देखेंगे। इसी प्रकार पूर्व कैबिनेट मंत्री अमरजीत भगत सीतापुर विधानसभा के बूथ क्रमांक 195 का कार्य देखेंगे। आदित्येश्वर शरण सिंहदेव केशवपुर में बूथ क्रमांक 28, पूर्व महापौर डॉ. अजय तिर्की बूथ क्रमांक 46, अजय अग्रवाल बूथ क्रमांक 156, जेपी श्रीवास्तव बूथ क्रमांक 87, शफी अहमद बूथ क्रमांक 111, द्वितेन्द्र मिश्रा बूथ क्रमांक 95, हेमंत सिन्हा बूथ क्रमांक 89 की जवाबदेही देखेंगे। पूर्व विधायक डॉ. प्रीतम राम लुंड्रा विधानसभा के बूथ क्रमांक 95 और पूर्व कांग्रेस जिलाध्यक्ष राकेश गुप्ता बूथ क्रमांक 168 पर एसआईआर का कार्य देखेंगे। कांग्रेस जिलाध्यक्ष स्वयं अम्बिकापुर विधानसभा के बूथ क्रमांक 119 का काम देखेंगे।

### हर्षोल्लास से मनाया गया श्री सत्य साई का जन्मोत्सव



**अम्बिकापुर।** श्री सत्य साईं बाबा का जन्म शताब्दी महोत्सव हर्षोल्लास से मनाया गया। इस अवसर पर वनवासी कल्याण आश्रम में सामूहिक वेदपाठ, भजन सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं मंगल आरती की गई। अध्यक्ष जयेश वर्मा ने बताया कि बाबा ने अपने जीवनकाल में अध्यात्म और एकता का संदेश दिया और मानव सेवा ही माधव सेवा है का संदेश जन-जन तक पहुंचाया। कार्यक्रम में केडी दुबे ने सत्य साई बाबा के निःशुल्क हार्ट अस्पतालों की जानकारी दी। संचालक रश्मि सैनी ने बताया कि विश्व के विभिन्न देशों में बाबा का जन्मदिन मनाया जा रहा है। इस दौरान बच्चों ने नृत्य, गायन एवं भजन की प्रस्तुतियां दी। इस दौरान डॉ.वीके वर्मा, संजीव गणेशपुरकर, विजय सालुंके, प्रदीप श्रीवास्तव, जगदीश गुप्ता, शांति वर्मा, रेखा गणेशपुरकर, नूतन श्रीवास्तव, प्रीती सालुंके सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित थे।

### प्रधान आरक्षक की गिरफ्तार की मांग, ब्राह्मण समाज ने सौंपा ज्ञापन

**अम्बिकापुर।** संभागीय सर्व ब्राह्मण समाज द्वारा प्रधान आरक्षक संतोष कश्यप की गिरफ़्तारी एवं बर्खास्तगी की मांग को लेकर पुलिस अधीक्षक के नाम ज्ञापन एएसपी को ज्ञापन सौंपा।ज्ञापन में बताया गया है कि हवलदार संतोष कश्यप एवं उसके दो साथियों द्वारा अधिवक्ता तथा सर्व ब्राह्मण समाज के अध्यक्ष राजेश तिवारी, उनकी पत्नी श्रीमती संध्या तिवारी एवं पुत्र राहुल तिवारी पर सुनियोजित एवं प्राणघातक हमला किया गया था। पुलिसकर्मी द्वारा ऐसा अपराध करना न केवल विभागीय शपथ का उल्लंघन है बल्कि कानून-व्यवस्था की खुली अवहेलना भी है। समाज के लोगों ने अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक को स्पष्ट चेतावनी दी कि यदि 24 घंटे के भीतर हवलदार संतोष कश्यप की गिरफ्तारी नहीं होती, तो मुख्यमंत्री के प्रस्तावित दौरे के दिन हेलीपैड पर ही ब्राह्मण समाज द्वारा बड़े पैमाने पर धरना-प्रदर्शन किया जाएगा। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ने प्रतिनिधिमंडल को आश्वस्त किया कि संपूर्ण प्रकरण में कानून सम्मत एवं कठोर कार्रवाई शीघ्र सुनिश्चित की जाएगी।

### बास्केटबॉल संघ ने आतंकी हमले के शहीदों को दी श्रद्धांजलि



**अंबिकापुर।** सरगुजा जिला बास्केटबॉल संघ परिवार ने बुधवार को 26/11 मुंबई आतंकी हमले में शहीद हुए देश के वीर सुरक्षाकर्मियों तथा निर्दोष नागरिकों को भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की। संघ के सदस्यों, खिलाड़ियों एवं प्रशिक्षकों ने मोमबत्तियाँ जलाकर दो मिनट का मौन रखकर राष्ट्र की सुरक्षा में अपने प्राण न्योछावर करने वाले वीरों के साहस और बलिदान को नमन किया। इस अवसर पर संघ के पदाधिकारियों ने कहा कि 26/11 हमले में शहीद हुए जवानों का बलिदान देशवासियों के लिए सदैव प्रेरणा का स्रोत रहेगा। उनके पराक्रम एवं अदम्य साहस को स्मरण करते हुए सभी ने राष्ट्र की एकता, शांति एवं सुरक्षा को मजबूत बनाए रखने का संकल्प लिया। श्रद्धांजलि कार्यक्रम में अनेक खिलाड़ी, कोच, खेलप्रेमी और स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन सरगुजा जिला बास्केटबॉल संघ परिवार ने किया।

### बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ को लेकर जागरूकता अभियान

**मनेन्द्रगढ़।** कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी डी. राहुल वेंकट के निर्देशानुसार और महिला एवं बाल विकास विभाग के जिला कार्यक्रम अधिकारी आरके खाती के मार्गदर्शन में बुधवार को बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ योजना एवं लिंग आधारित हिंसा के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए विद्यालयों में विशेष जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें मिशन शक्ति, मिशन वात्सल्य, नवा बिहान, सखी वन स्टॉप सेंटर और सेवा प्रदाता टीम द्वारा संयुक्त रूप से पंपलेट वितरण कर महत्वपूर्ण जानकारियां दी गई। कार्यक्रम के दौरान छात्र-छात्राओं, शिक्षकों एवं उपस्थित ग्रामीणों को सखी वन स्टॉप सेंटर की सेवाएं, महिला हेल्पलाइन 181, बाल हेल्पलाइन 1098, पीएमवीवाई नोनी सुरक्षा योजना, मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना, सुकन्या समृद्धि योजना सहित महिला एवं बाल संरक्षण से संबंधित कई प्रमुख योजनाओं की जानकारी विस्तार पूर्वक समझाई गई।

## कवि डॉ हरिवंश राय बच्चन की जयंती पर तुलसी साहित्य समिति की सरस काव्य गोष्ठी

# राहों का लेते मज़ा, चलते रहिए आज मिल जाएंगी मंजिलें, बन जाएंगे काज

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

कवि-लेखक डॉ हरिवंशराय बच्चन की जयंती पर तुलसी साहित्य समिति द्वारा वाटर पार्क सरगवां में लखनऊ के वरिष्ठ कवि उदयभान पांडेय 'भान' के मुख्य आतिथ्य और यादव 'विकास' की अध्यक्षता में सरस काव्य गोष्ठी का आयोजन किया गया। वरिष्ठ अधिवक्ता ब्रहमाशंकर सिंह, पं. रामनारायण शर्मा और कवि चंद्रभूषण मिश्र कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि थे। संचालन वरिष्ठ कवि व समिति के प्रवक्ता अजय सागर ने किया।



काव्य गोष्ठी में शामिल कवि।

गोष्ठी का शुभारंभ मां वीणावादिनी की सामूहिक पूजा व गीतकार कृष्णकांत पाठक द्वारा प्रस्तुत मधुरिम सरस्वती-वंदना से हुआ। तदनंतर, बीडी लाल व एसपी जायसवाल द्वारा रचित रामायणों का भी संक्षिप्त पाठ किया गया। पं. रामनारायण शर्मा ने बताया कि डॉ. हरिवंशराय बच्चन हिंदी के बेहद लोकप्रिय कवि और लेखक थे। बचपन में इन्हें 'बच्चन' कहते थे, जिसका अर्थ बच्चा या संतान होता है। इन्होंने इलाहाबाद विश्वविद्यालय से अंग्रेज़ी में एमए किया और केम्ब्रिज विश्वविद्यालय से अंग्रेज़ी के महान कवि यीट्स पर शोध कर पीएचडी पूर्ण की। वे इलाहाबाद विश्वविद्यालय में अंग्रेज़ी के प्राध्यापक रहे। बाद में भारत सरकार के विदेश मंत्रालय में हिंदी विशेषज्ञ तथा राज्यसभा के मनोनीत सदस्य के रूप में भी उन्होंने काम किया। इन्हें भारत सरकार द्वारा पद्मभूषण सम्मान के अलावा साहित्य अकादमी, सरस्वती सम्मान, कमल पुरस्कार आदि पुरस्कारों से सम्मानित किया गया था। शिक्षाविद् ब्रहमाशंकर सिंह ने डॉ. बच्चन की रचनाओं को कालजयी बताते हुए कहा कि सन् 1935 में प्रकाशित काव्य संग्रह 'मधुशाला' उनकी सर्वश्रेष्ठ व सर्वाधिक लोकप्रिय रचना मानी जाती है। 'दिन को होली रात दिवाली सदा मनाती मधुशाला' जैसी सच्ची दोटूक बातें कहने वाले श्री बच्चन ने कभी शराब का सेवन नहीं किया। वे जातिवाद के भी प्रबल विरोधी थे। उनकी मधुकलश काव्य संग्रह की यह कविता अत्यंत प्रेरक, जीवनदायी और अनासक्ति का संदेश देती है- जो बीत गई सो बात गई ! जीवन में एक सितारा था मानो वह बेहद प्यारा था, वह टूट गया सो टूट गया। अंबर की छाती को देखो, टूटे इसके कितने तारे, छूटे इसके कितने प्यारे। पर बोलो टूटे तारों पर कब अंबर रुदन मचाता है। जो बीत गई सो बात गई।

काव्य गोष्ठी में संस्था की कार्यकारी अध्यक्ष कवयित्री माधुरी जायसवाल ने अपने काव्य में अच्छे संस्कार अपनाने का अनुरोध किया- अच्छे संस्कार अपनाइए, ये सुख की पहचान। संस्कारों से शांति मिले, नीचा हो अभिमान। कवि श्यामबिहारी पांडेय ने बच्चों पर मोबाइल के दुष्प्रभावों का जीवंत चित्रण किया- बच्चे मोबाइल देख-देख हैं सीख रहे दुनियादारी। नानी के क़िस्से भूल गए बस बात बनाना याद रहा। हैं थिरक रहे सब यहां- वहां अश्लील धुनों पर नाच रहे। लय-ताल सीखना भूल गए बस कमर हिलाना याद रहा ! कवि प्रकाश कश्यप का दर्द उनकी ग़ज़ल में छलक पड़ा- जब से वो गैरों को भाने लगे हैं, मेरे दर्द फिर गुनगुनाने लगे हैं। जब भी पुकारा तड़पकर के मैंने, मेरी चीख़ सबको तराने लगे हैं। कवि रामलाल विश्वकर्मा को पुराने दिनों का प्यार बरबस याद हो आया- उसका चेहरा दिख गया तो कुछ पुराना याद आया। मुफलिसी में इश्क़ करने का ज़माना याद आया ! गीतकवि कृष्णकांत पाठक ने अपने गीतों को अपना सर्वस्व बताया- गोपियां कृष्ण की-जैसे गीत मेरे। मेरी पहचान, धड़कन व मीत मेरे। हम रहें ना रहें पर रहेगी कलम ! झूमकर नाच उठे चांद, तारे, गगन।

गोष्ठियों में 84 वर्षीय वरिष्ठ शायर यादव 'विकास' की गज़ल ने समां बांध दिया- हादसों का पता नहीं होता, समय का चेहरा नहीं होता। दिल दुखाना गुनाह है लोगों, किसके दिल में खुदा नहीं होता ! कवयित्री अंजू पाण्डेय ने जहां जीवन की मुश्किलों का अपनी कविता में यह कहते हुए बयां किया कि- पथ कठिन हुआ पांव ने आज पथरीली राहों को जाना, जीवन का लंबा सफ़र कब सहज किसी ने माना, तो वहीं संस्था के अध्यक्ष दोहाकार मुकुन्दलाल साहू ने अपने दोहे में जीवन की राहों का आनंद उठाते रहने की अपील की- राहों का लेते मज़ा, चलते रहिए आज। मिल जाएंगी मंज़िलें, बन जाएंगे काज। वरिष्ठ गीतकार देवेन्द्रनाथ दुबे ने मन में मीत की यादों के गूंजने का ज़िक्र किया- मन की देहरी लांघ सके ना मीत तुम्हारी यादों के, मन में अब भी गूंज रहे हैं गीत तुम्हारी यादों के ! इनके अलावा कविवर चंद्रभूषण मिश्र की कविता- लम्हा-लम्हा तेरा चेहरा सामने आता है, मेरे जीने का अंदाज़ बदल जाता है, रौशनी पाठक का गीत-दुनिया के रंग निराले रे, कोई माने या ना माने, राजेन्द्र विश्वकर्मा की सरगुजिहा रचना- हमन फौजी हन संगी, देश ला बचाबो, रोशनी कार्तिक का गीत- हर पल की कीमत जान रे, समय बड़ा बलवान रे और जयश्री पाठक का नग़मा- धरती करने श्रृंगार करने मचल रहा बादल- इन सभी रचनाओं ने श्रोताओं का मन आनंद से भर दिया। अंत में लखनऊ से पधारे वरिष्ठ कवि उदयभान पांडेय 'भान' ने जीवन में कुछ अच्छे काम करने की नसीहत देते हुए कार्यक्रम का सुंदर समापन किया- कुछ काम करो ऐसा, दिल को क़रार आए।

खुशियों के फूल खिल उठें, हरसू बहार आए। कर सकता भला कौन 'भान' उसका बाल बांका, जिसको बचाने खुद ही परवरदिगार आए। इस अवसर पर लीला यादव, अनिल त्रिपाठी, नीलाक्षा पांडेय और संध्या दुबे सहित अन्य काव्य प्रेमी उपस्थित रहे।



## दो खलिहानों में लगी आग, 45 हजार से अधिक का पैरा स्वाहा

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिहारपुर

बुधवार की सुबह विद्युत केबल में शॉट सर्किट होने से बिहारपुर थानागढ़ी निवासी किसान के पैरावट में आग लग गई वही ग्राम कोल्हुआ निवासी किसान द्वारा तापने के लिए जलाए गए अलाव की आग से भारी मात्रा में पैरा जलकर खाक हो गया।

बुधवार की सुबह 6.30 बजे थानागढ़ी पारा निवासी धनुषधारी जायसवाल के घर पास शॉट सर्किट होने के कारण विद्युत केबल से आग की लपटे निकलने लगी केबल टूट कर नीचे गिर गया। इस दौरान विद्युतवाही केबल की चपेट में आने से खलिहान में आग लग गई पैरा धू-धू कर जलने लगा। देखते ही देखते घटना स्थल पर ग्रामीणों की भीड़ जुट गई। ग्रामीणों ने केबल को हटाने की कोशिश की लेकिन सफलता नहीं मिली तथा किसान का 5 ट्रैक्टर से अधिक पैरा जल गया। खलिहान में आग लगने की दूसरी घटना ग्राम कोल्हुआ की है। बीती रात देववरन सिंह आ. सरदार सिंह ने बीती रात अपने खलिहान में अलाव जलाया था। परिवार के सदस्य देर रात तक अलाव तापते रहे तथा आग को बुझाए बिना सोने चले गए। इस दौरान हवा चलने के कारण अलाव की चिंगारी से खलिहान के पैरावट में आग लग गई।

भोर में 3 बजे पैरावट धू-धू कर जलने लगा। आग की लपटों की तेज रोशनी से किसान की नींद खुली लेकिन तब तक आग पूरी खलिहान में फैल गई थी। ग्रामीणों ने आग बुझाने की कोशिश की लेकिन सफलता नहीं मिली। आग से किसान का 30 हजार रूपए का पैरा जलकर खाक बन गया है।

### शिविर में किया गया बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण

**अम्बिकापुर।** शिवाजी एकता मंच फाउंडेशन बौरीपारा प्राथमिक विद्यालय में निशुल्क स्वास्थ्य शिविर लगाकर बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। शिविर में डॉ. श्रुति मिश्रा एवं डॉ. प्रवदा चतुर्वेदी गुप्ता ने बच्चों का परीक्षण किया। वर्तमान मौसम में स्वास्थ्य की देखरेख सावधानी के बारे में बताया। इस दौरान स्कूल के सभी शिक्षक उपस्थित थे।



## लेबर कोड के विरुद्ध एसईसीएल के सभी क्षेत्रों में श्रमिक संगठनों ने किया विरोध प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

एसईसीएल के सभी क्षेत्रों में केंद्र सरकार द्वारा लागू किए गए चार नए श्रम संहिताओं लेबर कोड के खिलाफ श्रमिकों ने एकजुटता से प्रदर्शन किया,संयुक्त केंद्रीय श्रमिक संगठनों द्वारा जारी विज्ञप्ति में कहा गया कि आजादी के पहले और बाद के 44 श्रम कानून मजदूरों की सुरक्षा कवच थे, जिन्हें एक झटके में समाप्त कर इन चार श्रम संहिताओं को थोपा गया है।

एसकेएमएस एटक महासचिव अजय विश्वकर्मा,एचएमएस महामंत्री नाथूलाल पांडेय,एसईकेएमसी के महासचिव गोपाल नारायण और सीटू महासचिव वीएम मनोहर ने कहा कि नए कोड यूनियन को कमजोर करते हैं,कामगारों की स्थायी नौकरी पर खतरा,ओवरटाइम, सुरक्षा, वेतन और सामाजिक सुरक्षा पर गहरा आघात, उद्योगपतियों को खुली छूट,मजदूरों की पकड़ ढीली हो जाएगी।

उन्होंने इसे मजदूरों को गुलामी की ओर धकेलने वाला फैसला बताया,विरोध प्रदर्शन में श्रमिक नेताओं ने स्पष्ट चेतावनी दी कि यदि केंद्र सरकार जबरन इन श्रम संहिताओं को लागू करती है, तो कोयला उद्योग के लाखों मजदूर सड़क से लेकर संसद तक आंदोलन करेंगे,खदानें बंद होंगी, उत्पादन रुकेगा और व्यापक हड़ताल की स्थिति बनेगी। कई खदानों के द्वारों पर मजदूरों ने काले बैनर टांगे और चारों कोड बिल की प्रतियां जलाकर विरोध दर्ज कराया। श्रमिक नेताओं का कहना है कि पिछले कई वर्षों में कोयला क्षेत्र में ऐसा एकजुट और व्यापक विरोध पहली बार देखा गया,मजदूर किसी भी कीमत पर ये चार श्रम कोड स्वीकार नहीं करेंगे। खदानों में काम करने वाले श्रमिकों का कहना है कि इन संहिताओं के लागू होने से नौकरी की सुरक्षा खत्म हो जाएगी, यूनियन की ताकत न के बराबर रह जाएगी और मजदूरों की जिंदगी एक अनुबंध पर टिकी रहेगी।





विरोध प्रदर्शन करते श्रमिक संगठनों के पदाधिकारी।

### आज क्षेत्रीय महाप्रबंधक कार्यालय के समक्ष होगा प्रदर्शन

संगठन के क्षेत्रीय कार्यालय में हुई संयुक्त यूनियन की बैठक में निम्न निर्णय लिया गया कि 27 नवंबर गुरुवार की शाम 4 बजे महाप्रबंधक कार्यालय के समक्ष एकत्रित होकर केंद्र सरकार द्वारा लागू किए गए चार लेवल कोड बिल का विरोध किया जाएगा,चार लेबर कोड बिल की प्रतियों को जलाया जाएगा,सभी खदानों में आज रात से ही गेट मीटिंग कर सभी कामगारों को इस हेतु जागरूक किया जाएगा,सरकार एवं प्रबंधन द्वारा चार लेबर कोड बिल को लेकर गुमराह किया जा रहा है,काला फीता लगाकर विरोध किया जाएगा।

## पीजी कॉलेज में शैक्षणिक लापरवाही, दबाई गई ऑटोनॉमस विभाग की 6 माह पुरानी लिखित सूचना

**अम्बिकापुर।** राजीव गांधी शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय के वाणिज्य विभाग की घोर लापरवाही और उदासीनता के कारण बी कॉम ऑनर्स 7वें सेमेस्टर के सैकड़ों छात्र इस समय गहरे संकट में हैं। विभाग ने छात्रों को वीएसी विषय 'कम्युनिटी इंगेजमेंट एंड सोशल रिस्पांसिबिलिटी' का प्रोजेक्ट बनाने का निर्देश मुख्य परीक्षा शुरू होने से मात्र चार दिन पहले दिया, जबकि विभाग के पास यह सूचना लिखित दस्तावेज के रूप में 6 माह पूर्व ही उपलब्ध थी।

छात्रों ने प्राचार्य को सौंपे गए शिकायत में बताया कि ऑटोनॉमस विभाग द्वारा प्रोजेक्ट वर्क की अनिवार्यता की जानकारी संबंधित दस्तावेजों के साथ वाणिज्य विभाग को लगभग छह महीने पहले ही प्रदान कर दी गई थी। इसके बावजूद विभागाध्यक्ष और विभाग ने जानबूझकर छात्रों को इस आवश्यक सूचना से वंचित रखा, जिसके कारण अब परीक्षा की तैयारी के निर्णायक समय में छात्रों पर प्रोजेक्ट का अतिरिक्त दबाव आ गया है। छात्रों की मुख्य परीक्षाएं 3 दिसंबर से प्रारंभ हो रही हैं। छात्रों का कहना है कि विभाग की लापरवाही के चलते वे असमंजस में हैं कि वे परीक्षा की तैयारी करें या आनन-फानन में अनिवार्य प्रोजेक्ट को पूरा करें। छात्रों के भविष्य के साथ हो रहे खिलवाड़ पर आजाद सेवा संघ के प्रदेश सचिव रचित मिश्रा ने छात्रों के साथ प्राचार्य से मुलाकात की और बी.कॉम विभाग की आपराधिक लापरवाही को उजागर किया। रचित मिश्रा ने प्राचार्य से कहा कि जब ऑटोनॉमस विभाग द्वारा 6 महीना पूर्व लिखित दस्तावेज में बीकॉम डिपार्टमेंट को इस बात की जानकारी दे दी गई थी कि छात्रों को 'कम्युनिटी इंगेजमेंट एंड सोशल रिस्पांसिबिलिटी' का प्रोजेक्ट बनाना है, तब भी 6 महीने तक इस बात की छात्रों को कोई भी जानकारी नहीं दी गई। उन्होंने विभाग पर छात्रों को जानबूझकर गुमराह करने और सूचना से वंचित रखने का गंभीर आरोप लगाया। मामले की गंभीरता को देखते हुए प्राचार्य ने तत्काल हस्तक्षेप करने का आश्वासन दिया। प्राचार्य ने कहा कि आगे से इस प्रकार का कोई भी गलती नहीं होगा और छात्र हित में और छात्र के भविष्य के साथ कोई भी खिलवाड़ न हो, ऐसा कड़ा फैसला लिया जाएगा।। साथ ही लापरवाही के लिए जिम्मेदार पर त्वरित कार्रवाई करने का भी आश्वासन दिया। इस दौरान इस दौरान नीतीश भाई पटेल, विकास, अंजलि, रवि, अमन, गुरप्रीत, श्रेयांश सहित अन्य छात्र उपस्थित थे।

### ट्रैक मेंटेनर की नाइट पैट्रोलिंग बीट का दायरा 16 से घटाकर 12 किलोमीटर किया गया

**बिश्रामपुर।** रेलवे मजदूर कांग्रेस की मांग पर बिलासपुर मंडल में ट्रैक मेंटेनर की नाइट पैट्रोलिंग बीट का दायरा 16 किलोमीटर से घटाकर अब 12 किलोमीटर कर दिया गया है,मंडल कार्मिक विभाग बिलासपुर ने 25 नवंबर को जारी पत्र में बताया कि यह व्यवस्था 1 नवंबर से लागू कर दी गई है,मजदूर कांग्रेस बिलासपुर के जोनल कार्यकारी अध्यक्ष लक्ष्मण राव ने बताया कि 16 किलोमीटर बीट ट्रैक मेंटेनरों के लिए कठिन और जोखिमपूर्ण थी,संगठन ने डीआरएम बिलासपुर के साथ हुई बैठकों और पीएनएम एजेंडा 10-ए में लगातार इस मुद्दे को उठाया,21 अगस्त को हुई विशेष बैठक में रेलवे प्रशासन ने 12 किलोमीटर बीट को मंजूरी दे दी है,मजदूर कांग्रेस ने कहा कि संगठन ट्रैक मेंटेनरों के हितों के लिए लगातार संघर्षरत है।



## संविधान दिवस पर महिलाओं ने सामाजिक बुराइयों को खत्म करने ली शपथ

हरिभूमि न्यूज ⏭ सूरजपुर

नारायणपुर गांव में संविधान दिवस के अवसर पर आज़ाद वेलफेयर फाउंडेशन द्वारा महिला समूह के साथ प्रेरणादायक कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में कई गाँवों की महिलाएं एकत्रित हुईं और देश के संविधान के प्रति सम्मान जताते हुए विभिन्न सामाजिक बुराइयों को खत्म करने की शपथ ली।





कार्यक्रम की शुरुआत संविधान दिवस के महत्व को समझाते हुए हुई फाउंडेशन के सदस्यों ने बताया कि यह दिन हमारे देश के लोकतांत्रिक मूल्यों, समानता, न्याय और स्वतंत्रता की भावना को याद करने का अवसर है।.कार्यक्रम में विशेष रूप से बाबा साहब भीमराव अंबेडकर को याद किया गया, उन्होंने भारतीय संविधान का निर्माण कर देश को एक मजबूत दिशा दी। इस मौके पर महिलाओं ने नशा मुक्ति, बाल-विवाह रोकने, सामाजिक कुरीतियों को समाप्त करने और संविधान की रक्षा करने की प्रतिज्ञा ली। सभी ने एकजुट होकर यह संदेश दिया कि जागरूकता और एकता से ही समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाया जा सकता है। कार्यक्रम में महिला सशक्तिकरण पर विशेष चर्चा की गई। फाउंडेशन ने बताया कि जब महिलाएं शिक्षित, समर्थ और जागरूक होती हैं, तब पूरा समाज मजबूत होता है। इसी सोच के साथ फाउंडेशन लगातार ग्रामीण क्षेत्रों में महिलाओं को आगे बढ़ाने के लिए विभिन्न पहल कर रहा है। संविधान दिवस के इस अवसर पर सभी महिलाओं को फाउंडेशन द्वारा शॉल और श्रीफल देकर सम्मानित किया गया।

### कांग्रेस ने किया संविधान के प्रस्तावना का पाठ

**अम्बिकापुर।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के निर्देश पर बुधवार को जिला कांग्रेस कमेटी सरगुजा द्वारा संविधान दिवस को संविधान बचाओ दिवस के रूप में मनाया गया। इस दौरान जिला कांग्रेस कमेटी कार्यालय राजीव भवन में संविधान पर मौजूद खतरे, जांच एर्जेसियों के दुरूपयोग, एसआईआर में मतदाताओं पर थोपी गई जवाबदेही और वोट चोरी जैसे मुद्दों पर चर्चा हुई। परिचर्चा की शुरुआत से पूर्व महिला सेवादल की अध्यक्ष श्रीमती प्रीति सिंह ने संविधान की प्रस्तावना का पाठ किया। इसके उपरांत वक्ताओं ने विभिन्न बिंदुओं पर प्रकाश डाला। परिचर्चा को संबोधित करते हुए कांग्रेस जिलाध्यक्ष बालकृष्ण पाठक ने कहा कि हाल ही में सम्पन्न बिहार चुनाव ने साबित किया कि किस प्रकार से चुनाव आयोग जैसी संस्थान का कठपुतली की तरह उपयोग करते हुए चुनाव जीता गया।



## बिजनेस प्लस

# निशांत नेक्स्ट वर्ल्ड में ब्लैक फ्राइडे सेल





**अम्बिकापुर।** अम्बिकापुर अंबेडकर चौक स्थित निशांत नेक्स्ट वर्ल्ड में ब्लैक फ्राइडे सेल वीक ऑफर चल रहा है जो कि 27 नवम्बर से लेकर 30 नवम्बर तक है। इस ऑफर के अंतर्गत लीवाइस, मुफ्ती, आई-जोड, यूनाइटेड कलर ऑफ बेनेटन, स्पाइकर, टेयर-टेबीट, इण्डियन टेरेन, रेमण्ड, पार्क -एवेन्यू, अरस्तू, ब्लैक-बेरी, किलर, मडाम इत्यादि सभी ब्रांड्स के आलावा ब्लेजर, कोटी, सूट, साड़ी, लेडिज-सूट , वेस्टर्न-वियर सभी किड्स वियर पर 40% तक की छूट दी जा रही है।



# धुरंधर में दिखा पाकिस्तानी टाउन ल्यारी का गैंग वॉर

**मुंबई।** रणवीर सिंह की अपकमिंग फिल्म 'धुरंधर' का आठ नवंबर को ट्रेलर रिलीज हुआ। इसमें पाकिस्तान के मशहूर टाउन ल्यारी के गैंग वॉर की झलक दिखी। यह गैंग वॉर 2009 से लेकर एक दशक तक चला था। अब, ल्यारी के लोगों ने इस पर प्रतिक्रिया दी है कि रणवीर सिंह की फिल्म में उनके शहर को कैसे दिखाया गया है। 'धुरंधर' के ट्रेलर में रणवीर सिंह को जासूस, अक्षय खन्ना को रहमान डकैत और संजय दत्त को चौधरी असलम के रूप में दिखाया गया है। ये सभी किरदार असल जिंदगी से प्रेरित बताए जाते हैं। फिल्म की टीम ने भारत में सेट पर पूरे ल्यारी टाउन को फिर से बनाया है। ल्यारी से ताल्लुक रखने वाले एक व्यक्ति ने कहा 'इंडिया वालों ने फिल्म बना ली है, हमसे तो पूछते। हम उनको ल्यारी की गलियां दिखाते। रहमान डकैत के बारे में भी बताते।' कई दूसरे स्थानीय लोगों ने कहा कि फिल्म में चौधरी असलम का किरदार सही दिखाया गया है। जबकि अक्षय खन्ना के रूप में रहमान डकैत का लुक असली गैंगस्टर की तरह नहीं दिखता।

## लाइफ Style



# गिरिजा
## बहुत घटिया मैसेज करते हैं लोग

ब्लू साड़ी गर्ल के नाम से वायरल हुईं गिरिजा ओक ने बताया है कि इस फेम से उन्हें कुछ फायदा नहीं हुआ बल्कि लोग घटिया मैसेज करने लगे हैं। गिरिजा ने बताया कि लोग उन्हें सोशल मीडिया पर कैसे मैसेज करते हैं। गिरिजा ओक बीते कुछ समय से चर्चा में हैं। रीसेंटली एक इंटरव्यू के वीडियोज वायरल होने के बाद वह रातोंरात सनसनी बन गईं। लोग उन्हें नैशनल क्रश बुलाने लगे। इतना ही नहीं गिरिजा का डीएम अच्छे-बुरे कई तरह के मैसेजज से भर गया। लोगों ने अश्लील बातें भी लिखीं, जिसके बाद उन्हें एक लाइव भी करना पड़ा।

एजेंसी ▶▶| मुंबई

गिरिजा हिंदी, मराठी फिल्में और सीरियल्स कर चुकी हैं। उन्होंने तारे जमीन पर, शोर इन द सिटी, जवान, कला जैसी फिल्मों में काम किया है। अब फिर से अचानक लाइमलाइट में आने पर उन्होंने बात की है। गिरिजा ओक एक इंटरव्यू के बाद इस कदर वायरल हुईं कि लोग उन्हें नेशनल क्रश बुलाने लगे। एक नए इंटरव्यू में उन्होंने इस बारे में बात की। गिरिजा बोलीं, 'कोई पूछे कि कुछ बदलाव हुआ। मैंने कहा नहीं, मुझे कोई ज्यादा काम के ऑफर नहीं मिलने लगे।' गिरिजा ने वायरल होने के नेगेटिव इफेक्ट्स बताए। बोलीं कि लोग उन्हें बहुत घटिया मैसेज कर रहे हैं। गिरिजा बताती हैं, 'कोई बोलता है, 'मैं तुम्हारे लिए कुछ भी कर सकता हूं, बस एक मौका दो। किसी ने मेरे रेट तक पूछे कि एक घंटा बिताने की कीमत क्या है। कई ऐसे मैसेज हैं।' अगर ये लोग हकीकत में मेरे सामने होंगे तो नजर उठाकर देख भी नहीं पाएंगे। पर्दे के पीछे लोग कुछ भी बोलते हैं। सामने से प्यार और सम्मान देते हैं।' बीते दिनों गिरिजा ओक की नीली साड़ी में एक तस्वीर वायरल हुई। यह तस्वीर उनके एक इंटरव्यू की थी। गिरिजा एक्स पर ट्रेंड कर रही थीं और हर कोई जानना चाह रहा था कि वह कौन हैं। लोग उनका नाम और इंस्टाग्राम खोज रहे थे। गिरिजा ने वाइट स्लीवलेस ब्लाउज, आसमानी साड़ी पहनी थी।

## हॉलीवुड मसाला



# सुपरमैन ओटीटी पर 11 दिसंबर को होगी रिलीज

**लॉस एंजिल्स।** जेम्स गन के डायरेक्शन में बनी 'सुपरमैन' जब इस साल जुलाई 2025 में सिनेमाघरों में रिलीज हुई, तो सबसे बड़े, सबसे पुराने और सबसे ताकतवर सुपरहीरो को देखने के लिए भीड़ लग गई थी। दुनियाभर में बॉक्स ऑफिस पर 5240.28 करोड़ रुपए का ग्रॉस कलेक्शन करने वाली यह फिल्म, अब 5 महीने बाद ओटीटी पर रिलीज होने जा रही है। सुपरमैन के इंडियन फैंस अपने फेवरेट सुपरहीरो की इस फिल्म को 11 दिसंबर से घर बैठे स्ट्रीम कर सकते हैं। यह फिल्म ओटीटी प्लेटफॉर्म जियोहाटस्टार पर अंग्रेजी के साथ ही हिंदी डब वर्जन और बाकी भारतीय भाषाओं में भी उपलब्ध होगी। डीसी यूनिवर्स की यह फिल्म 'सुपरमैन फिल्म सीरीज' का रीबूट है। इसमें डेविड कोरेंसवेट ने क्लार्क केंट यानी सुपरमैन का किरदार निभाया है।



# भारत में स्ट्रेंजर थिंग्स' सीजन 5 के एपिसोड आज होंगे स्ट्रीम

**लॉस एंजिल्स।** मिली बॉबी ब्राउन स्टारर 'स्ट्रेंजर थिंग्स' सीजन 5, लगभग तीन साल के इंतजार के बाद ओटीटी पर रिलीज होने को तैयार है। साइंस-फिक्शन कहानी का पहला सीजन साल 2016 में शुरू हुआ था। सीजन 5 में उन सवालों के जवाब मिलेंगे जो सीजन चार में अधूरे रह गए थे। नेटफ्लिक्स 'स्ट्रेंजर थिंग्स 5' के पहले चार एपिसोड 26 नवंबर कर दिया है। क्रिसमस पर तीन एपिसोड और न्यू ईयर की शाम को फिनाले एपिसोड रिलीज करेगा। भारत में ये सभी एपिसोड 27 नवंबर से सुबह 6:30 बजे से स्ट्रीम होंगे। पांचवें सीजन की रिलीज की तारीखें इस तरह हैं। वॉल्यूम 1: 27 नवंबर, वॉल्यूम 2: 26 दिसंबर 2025, फाइनल : 01 जनवरी 2026। 'स्ट्रेंजर थिंग्स 5' के हर वॉल्यूम में चार एपिसोड होंगे। इन सबकी लंबाई लगभग 54 मिनट से लेकर 1 घंटा 23 मिनट होगी। 'स्ट्रेंजर थिंग्स 5' के रिलीज के बारे में जानकारी देते हुए नेटफ्लिक्स ने इंस्टाग्राम पर लिखा 'फीलिंग सेट है। स्ट्रेंजर थिंग्स 5 का पहला वॉल्यूम 27 नवंबर को सिर्फ नेटफ्लिक्स पर देखें।' सीरीज में मिली बॉबी ब्राउन, डेविड हार्बर, विनोना राइडर, फिन वोल्फहार्ड, गेटन मताराजो, केलेब मैकलॉघलिन और नोआ श्नैप जैसे कलाकार नजर आएंगे।



# बहुत जल्दी हो जाती हैं इमोशनल : अनीत

**मुंबई।** सैयारा एक्ट्रेस अनीत पड्डा ने हाल ही में बताया कि वह बहुत जल्दी इमोशनल हो जाती हैं। वह हफ्ते में एक बार कुछ ऐसा देख लेती हैं कि खुद को रोने से रोक नहीं पाती हैं। उनका कहना है कि इन खास चीजों में उनको प्यार महसूस होता है। जिससे उन्हें अपने काम को और बेहतर करने का दबाव भी महसूस होता है। 23 साल की अनीत ने ग्राजिया इंडिया से बातचीत में कहा, 'मैं बहुत संवेदनशील हूं। जो प्यार मुझे फैंस से मिल रहा है, उसके साथ न्याय करने की जिम्मेदारी कभी-कभी भारी लगती है। ये बहुत खूबसूरत है, लेकिन कई बार बहुत ज्यादा भी हो जाता है।' अनीत कहती हैं कि फैंस का इतना प्यार देखकर अच्छा लगता है, लेकिन उम्मीद भी बढ़ जाती है कि वह उस प्यार के लायक बनें। यही वजह है कि फैन एडिट्स देखकर उनकी आंखें भर आती हैं। अनीत ने मॉडलिंग से अपना करियर शुरू किया।



# धनुष-कृति की फिल्म से हटाया अश्लील शब्द

**मुंबई।** धनुष और कृति सेनन की फिल्म 'तेरे इश्क में' इस शुक्रवार को थिएटर में दस्तक देगी। रिलीज से पहले सेंसर बोर्ड में गई इस फिल्म को सीबीएफसी की तरफ से सर्टिफिकेट मिल चुका है। आनंद एल राय की मूवी का रनिंग टाइम कितना है और इसमें कौन से सींस और डायलॉग्स में बदलाव किए गए हैं। सेंसर बोर्ड का रवैया पास्ट में बड़ी-बड़ी फिल्मों के प्रति सख्त रहा है और कई-कई सीन से बड़े-बड़े डायलॉग्स तक हटाए गए हैं, लेकिन 'तेरे इश्क में' के साथ ऐसा नहीं हुआ है। बॉलीवुड हंगामा की रिपोर्ट्स के मुताबिक, इस फिल्म को सिर्फ एक कट के साथ सेंसर बोर्ड ने पास कर दिया है और इसी के साथ मूवी से एक 'अश्लील' सीन को हटाया गया है। इस रिपोर्ट में ये भी दावा किया गया है कि सेंसर बोर्ड ने फिल्म में से एक भी एक्शन या इंटीमेट सीन और विजुअल्स नहीं हटवाया है।

## टीवी मसाला



# शादी टालने के बाद स्मृति ने कैंसिल किया केबीसी 17 में जाना

**मुंबई।** भारतीय क्रिकेटर स्मृति मंधाना ने 'केबीसी 17' में पार्टिसिपेट नहीं कर रही हैं। वह भारतीय महिला क्रिकेट टीम के साथ अमिताभ बच्चन के शो में वर्ल्ड कप स्पेशल एपिसोड में हिस्सा लेने वाली थीं। लेकिन, म्युजिशियन पलाश मुच्छल के साथ शादी टल जाने के वजह से उन्होंने 'केबीसी 17' में अपने साथी क्रिकेटर्स के साथ हिस्सा नहीं लिया। 'केबीसी 17' के उस एपिसोड में हरमनप्रीत कौर, ऋचा घोष और शैफाली वर्मा समेत कई भारतीय महिला क्रिकेटर्स शामिल होंगी और क्विज गेम खेलेंगी। 'केबीसी 17' के इस एपिसोड में स्मृति मंधाना को शामिल नहीं है। जब यह खबर सामने आई तो कई लोग हैरान रह गए, क्योंकि स्मृति काफी पॉपुलर हैं और टीम की सफलता में उनकी अहम भूमिका रही है। जब यह खबर आई कि स्मृति मंधाना केबीसी में नजर नहीं आएंगी, तो उनके फैंस के बीच मिली-जुली प्रतिक्रियाएं देखने को मिलीं। स्मृति दुनिया की सबसे लोकप्रिय क्रिकेट खिलाड़ियों में से एक हैं, ऐसे में उनके फैंस उन्हें केबीसी में देखने की उम्मीद कर रहे थे और इस खबर से निराश भी हुए. हालांकि, स्मृति को काफी सपोर्ट भी मिला और कई लोगों ने उनके पिता के जल्द स्वस्थ होने और स्मृति की मानसिक सेहत के लिए शुभकामनाएं दीं। बता दें, स्मृति मंधाना की शादी 23 नवंबर 2025 को सिंगर पलाश मुच्छल से होने वाली थी, लेकिन अब ऐसा नहीं होगा. स्मृति को इस समय अपने पिता श्रीनिवास मंधाना की गंभीर स्वास्थ्य समस्याओं के चलते उनकी मदद करनी पड़ रही है।

## टिकट टू फिनाले टास्क में जीता गौरव

**नई दिल्ली।** बिग बॉस 19 में टिकट टू फिनाले टास्क दिया गया था, जिसमें 4 सदस्य शामिल हुए थे। इसमें अशनूर कौर, प्रणीत मोरे, गौरव खन्ना और फरहाना भट्ट थे। रिपोर्ट्स के मुताबिक इन चारों में से गौरव खन्ना ने सीधे फिनाले में जगह बना ली है।



यानी कि शो को अपना पहला फाइनलिस्ट मिल गया है। चारो कंटेस्टेंट के लिए तीन राउंड हुए थे, सभी राउंड 20 मिनट के थे। इसमें पहले राउंड में फरहाना भट्ट बाहर हुईं। इसके बाद दूसरे राउंड में प्रणीत मोरे। फिर गौरव और अशनूर में टक्कर थी। इसके बाद तीसरे और आखिरी राउंड में अशनूर बाहर हो गईं और गौरव खन्ना ने टास्क जीत लिया। इसी के साथ बिग बॉस 19 को अपना पहला फाइनलिस्ट मिल गया। बिग बॉस 19 में इस वक्त केवल आठ प्रतियोगी बचे हैं, जिसमें गौरव खन्ना अब फाइनल में पहुंच चुके हैं। अब फरहाना भट्ट, अमाल मलिक, तान्या मित्तल, प्रणीत मोरे, अशनूर कौर, शहबाज बदेशा और मालती चाहर के बीच टक्कर है। यह देखना दिलचस्प होगा कि अगला फाइनलिस्ट कौन होता है।

# किस किसको प्यार करूं 2 का ट्रेलर रिलीज
## चार पत्नियों के चक्कर में उलझे कपिल

**मुंबई।** कॉमेडियन कपिल शर्मा की अपकमिंग फिल्म 'किस किसको प्यार करूं 2' की रिलीज का दर्शकों को काफी इंतजार है। इससे पहले इस फिल्म का ट्रेलर रिलीज किया गया है। यह फिल्म साल 2015 में रिलीज हुई फिल्म 'किस किसको प्यार करूं' का सीक्वल है। 'किस किसको प्यार करूं 2' के ट्रेलर में दिखाया गया है कि कपिल शर्मा गलतफहमी के चलते तीन शादियां कर लेते हैं। इसके बाद वह तीनों पत्नियों की डिमांड पूरी करते-करते परेशान हो जाते हैं। तीनों पत्नियों के घर वाले कपिल शर्मा को अपना दामाद समझते हैं और उन पर अपना हक जमाते हैं। इसके बाद एक पुलिस वाला कपिल शर्मा से मिलता है। पुलिस वाला कपिल से कहता है कि वह उस इंसान की तलाश में हैं, जिसने तीन शादियां की हैं और अब चौथी करना चाहता है। कपिल शर्मा ने इंस्टाग्राम पर फिल्म 'किस किसको प्यार करूं 2' का




ट्रेलर शेयर किया है। इसके कैप्शन में उन्होंने लिखा है 'चार पत्नियां। इसे घर पर करने की कोशिश न करें। यह स्टंट हमारे एक्सपर्ट ने किया है। किस किसको प्यार करूं 2 सिनेमाघरों में 12 दिसंबर को रिलीज हो रही है। 'किस किसको प्यार करूं 2' का ट्रेलर दर्शकों को अच्छा लगा है। ट्रेलर में असरानी की झलक दिखी है। उन्होंने इस पर कमेंट किए हैं। एक यूजर ने लिखा है 'असरानी सर।' एक और यूजर ने लिखा है 'असरानी को देखकर अच्छा लगा।' एक और यूजर ने लिखा है 'ट्रेलर बहुत अच्छा है। फिल्म का इंतजार है।'

# ऑस्कर 2026 की रेस में देश की सबसे ज्यादा कमाई वाली एनिमेटेड फिल्म

**मुंबई।** 2025 में रिलीज हुई एनिमेटेड फिल्म महावतार नरसिम्हा ऑस्कर 2026 की लिस्ट में शामिल हो चुकी है। 98वें एकेडमी अवॉर्ड्स की एलिजिबिलिटी लिस्ट में इस फिल्म का नाम आया है। मतलब ये फिल्म साल 2026 ऑस्कर अवॉर्ड के लिए शॉर्टलिस्ट हुई है। इस लिस्ट में दुनियाभर की 34 और फिल्में शामिल हैं। महावतार नरसिम्हा जुलाई के महीने में सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी। इस फिल्म के नाम एक खास रिकॉर्ड है। ये फिल्म अबतक भारत की सबसे ज्यादा कमाई करने वाली एनिमेटड फिल्म है। महावतार नरसिम्हा के अलावा द बैड गायज 2, ब्लैक बटरफ्लाइज, बॉयज गो टू जुपिटर, डॉग मैन, डॉग ऑफ गॉड, के पॉप डीमन हंटर्स, जूटोपिया 2, स्लाइड, द ट्विट्स और स्टिच हेड जैसी एनिमेडेट फिल्में 98वें एकेडमी अवॉर्ड्स की एलिजिबिलिटी लिस्ट में शामिल हैं। बेस्ट एनिमेटेड फीचर फिल्म कैटेगरी में शामिल होने के लिए फिल्मों को कुछ शर्तें पूरी करनी होती हैं। इन शर्तों के मुताबिक, फिल्म कम-से-कम 40 मिनट लंबी होनी चाहिए। फिल्म का 75 पर्सेंट हिस्सा एनिमेटेड होना चाहिए। फिल्म को अमेरिका के कुछ चुनिंदा बड़े शहरों में कम से कम 7 दिन लगातार थिएटर में दिखाया जाना चाहिए।



### लिस्ट में शामिल ये फिल्में

अगर इस लिस्ट में 16 से अधिक फिल्में शामिल होती हैं तो उनमें से पांच फिल्मों को फाइनल नॉमिनी के रूप में सेलेक्ट किया जाता है। उन पांच में से किसी एक को ऑस्कर मिलता है। 2026 के लिए करीब 35 फिल्में शॉर्टलिस्ट हुई हैं। अब अगर महावतार नरसिम्हा का नाम फाइनल लिस्ट में आता है तो वो बेस्ट एनिमेटेड फीचर कैटेगरी में चुनी जाने वाली पहली भारतीय फिल्म बनेगी।

## रोमांस, देशभक्ति, हॉरर-कॉमेडी, साइंस-फिक्शन एक ही मौके पर दर्शकों को मिलेगा

# बॉक्स ऑफिस पर आपस में भिड़ेंगी ये फिल्में, एक में धर्मेंद्र आएंगे नजर

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

इस साल क्रिसमस के मौके पर बॉक्स ऑफिस पर कुछ बड़ी फिल्मों की टक्कर देखने को मिलने वाली है। कई फिल्में सिनेमाघरों में दस्तक देने जा रही हैं। रोमांस, देशभक्ति, हॉरर-कॉमेडी, साइंस-फिक्शन और फैंटसी एक्शन- सब कुछ एक ही मौके पर दर्शकों को मिलने वाला है।

### तू मेरी मैं तेरा मैं तेरा तू मेरी

कार्तिक आर्यन अपने 35वें जन्मदिन पर फैंस को बड़ा तोहफा दे चुके हैं। उनकी और धर्मा प्रोडक्शन की नई रोमांटिक फिल्म 'तू मेरी मैं तेरा, मैं तेरा तू मेरी' का टीज़र लॉन्च होते ही चर्चा में आ गया। पूरी तरह इमोशनल रोमांस और मॉडर्न रिलेशनशिप की जटिलताओं को दर्शाती यह फिल्म 25 दिसंबर को रिलीज हो रही है। क्रिसमस पर परिवारों और युवाओं के लिए यह फिल्म एक हल्की-फुल्की और दिल छू लेने वाली पेशकश हो सकती है।



### एनाकोंडा

हॉलीवुड भी इस तारीख को खाली छोड़ने के मूड में नहीं है। 'एनाकोंडा 2025' एक मेटाफिक्शनल हॉरर-कॉमेडी के रूप में आ रही है, जिसमें दो दोस्त अपनी फेवरिट 1997 की फिल्म का रीमेक बनाने अमेज़न जंगल तक पहुंच जाते हैं- लेकिन वहां उनका सामना एक अप्रत्याशित डरावनी यात्रा से होता है। जैक ब्लैक और पॉल रड की मौजूदगी ही इस फिल्म को क्रिसमस पर हंसी और डर का कॉम्बो बना देती है।

### वृषभ

दक्षिण भारतीय सिनेमा की तरफ से मोहनलाल की भव्य फैंटसी-एक्शन फिल्म 'वृषभ' भी 25 दिसंबर को रिलीज हो रही है। नंदा किशोर के निर्देशन में बनी इस फिल्म में रोशन मेका, शनाया कपूर और जहरा एस. खान भी अहम भूमिकाओं में नजर आएंगे। शानदार वीएफएक्स और पौराणिक टच इस फिल्म को पैन-इंडिया दर्शकों के लिए खास बनाते हैं।



### अवतार

जेम्स कैमरून की सुपरहिट अवतार श्रृंखला की तीसरी कड़ी 19 दिसंबर को सिनेमाघरों में आएगी और यह आसानी से क्रिसमस वीक तक बॉक्स ऑफिस पर अपना दबदबा बनाए रखेगी। इस बार कहानी पेंडोरा के एक नए और आक्रामक नावी कबीले ऐश लोग पर फोकस करेगी। जेक और नेतिरी का संघर्ष और भी खतरनाक और भावनात्मक होने वाला है। इस फिल्म की लोकप्रियता का असर बाकी सभी रिलीज़ पर पड़ेगा।

### इक्कीस

कार्तिक की फिल्म को सबसे कड़ा मुकाबला देने उतर रही है श्रीराम राघवन की 'इक्कीस', जिसमें अगस्त्य नंदा, धर्मेंद्र, जयदीप अहलावत और कई मजबूत कलाकार नजर आने वाले हैं। यह फिल्म परमवीर चक्र विजेता लेफ्टिनेंट अरुण खेत्रपाल की बहादुरी पर आधारित है- 1971 के युद्ध में साहस और बलिदान की दास्तान। मैडॉक फिल्म्स और दिनेश विजान की प्रस्तुति वाली यह फिल्म उन दर्शकों को आकर्षित करेगी जो असली हीरो की कहानियों से जुड़ाव महसूस करते हैं। क्रिसमस पर रोमांस बनाम देशभक्ति- यही मुकाबला देखने लायक होगा।

## खबर संक्षेप

### कलेक्टर ने ली समय-सीमा बैठक

**मनेन्द्रगढ़।** जिला कार्यालय में कलेक्टर डी. राहुल वेंकट की अध्यक्षता में समय-सीमा बैठक संपन्न हुई। बैठक में डीएमएफ मद से स्वीकृत कार्यों, प्रधानमंत्री/मुख्यमंत्री पोर्टल, जन शिकायतों तथा सरगुजा प्राधिकरण के लंबित प्रकरणों की विस्तृत समीक्षा की गई। कलेक्टर ने बैठक की शुरूआत एसडीएम, बीईओ और जनपद सीईओ खड़गवां को उच्च न्यायालय से संबंधित प्रकरणों के प्राथमिकता से त्वरित निराकरण के निर्देश देकर की। कलेक्टर ने सभी विभागों को बड़े कार्यों के प्रस्ताव शीघ्र संचालनालय भेजने के निर्देश दिए।

### धान बिक्री के लिए अधिकतम 3 टोकन

**मनेन्द्रगढ़।** राज्य शासन द्वारा खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 के लिए 15 नवंबर से 31 जनवरी तक धान खरीदी निर्धारित की गई है। धान खरीदी प्रक्रिया को पारदर्शी और सुव्यवस्थित रखने के उद्देश्य से टोकन तुंहर हाथ मोबाइल एप के माध्यम से टोकन जारी किए जा रहे हैं। खाद्य अधिकारी द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार, भारत सरकार कृषि मंत्रालय की परिभाषा अनुसार-सीमांत कृषकः 1 हेक्टेयर तक भूमि धारित, लघु कृषकः 1 से 2 हेक्टेयर तक भूमि धारित। राज्य शासन के निर्देशानुसार किसानों के लिए टोकन वितरण की व्यवस्था इस प्रकार है। 2 एकड़ तक भूमि वाले सीमांत एवं लघु कृषक अधिकतम 1 टोकन, 2 एकड़ से 10 एकड़ तक भूमि वाले कृषक - अधिकतम 2 टोकन, 10 एकड़ से अधिक भूमि वाले दीर्घ कृषकों अधिकतम 3 टोकन जारी किया जा सकता है। यह व्यवस्था किसानों को सुविधाजनक एवं चरणबद्ध तरीके से धान विक्रय करने में मदद करेगी।

### जिला स्तरीय प्रतियोगिता के लिए पंजीयन 3 तक

**बैकुण्ठपुर।** खेल एवं युवा कल्याण विभाग के नोडल अधिकारी ने जानकारी दी है कि छग युवा उत्सव वर्ष 2025-26 में जिला स्तरीय प्रतियोगिता का आगज हो गया है। इसमें जिले के समस्त युवा प्रतिभागी भाग ले सकते हैं, जिनका उम्र 15 वर्ष से लेकर 29 वर्ष तक है। यह प्रतियोगिता सीधे जिला स्तर पर होना है, इसलिए समस्त कलाकारों से आग्रह है करते हुए कहा कि लोक, पंथी, सुवा, कर्मा नृत्य, राउत नाचा, लोकगीत, वाद-विवाद, कहानी लेखन, चित्रकला, कविता लेखन, नवाचार एकांकी तथा पारम्परिक वेशभूषा तथा रॉक बैंड में भाग ले सकते हैं और अपना पंजीयन करा सकते हैं। इस प्रतियोगिता में इच्छुक प्रतिभागी अपना आधार कार्ड, मोबाइल नंबर एवं बैंक पासबुक की छायाप्रति एवं पंजीयन निर्धारित तिथि 3 दिसंबर तक नोडल अधिकारी खेल एवं युवा कल्याण से संपर्क कर अपना पंजीयन करा सकते है।


न्यायालय अपर सत्र न्यायाधीश (एफ.टी.सी.)
कोरिया बैकुण्ठपुर छ.ग.
//ज्ञापन//
प्रोसेस क्रमांक -534/2025
आदेश दिनांक -22.11.2025
पेशी दिनांक - 07.01.2026
उत्तराधिकार प्रकरण क्रमांक/ रजिस्ट्रेशन क्रमांक 06/2025

1. रूद्रेश्वर सिंह सराटिया आ. बिरजु सिंह सराटिया उम्र 38 वर्ष निवासी वार्ड नं. 8 स्कूल पारा चेर थाना बैकुंठपुर जिला कोरिया छ.ग. 2. धतेश्वर सिंह सराटिया आ. बिरजु सिंह उम्र 36 वर्ष निवासी पटमा चिरमी थाना खड़गवां जिला कोरिया छ.ग. हाल मुकाम नं. 08 स्कूल पारा चेर थाना बैकुंठपुर जिला कोरिया छ.ग.। ............अपीलार्थीगण

प्रति

1. शाखा प्रबंधक भारतीय जीवन बीमा निगम शाखा कार्यालय हर्ष विला सरकारी अस्पताल बाजार रोड पत्थलगांव जिला रायगढ़ छ.ग.।
2. उषा आर्मा पुत्री महाजन आमो उम्र 40 वर्ष निवासी न्यू सूरभि पार्क गुजरात भवन मनेन्द्रगढ़ जिला कोरिया छ.ग.।
3. सर्वसाधारण।............उत्तरवादीगण

बनाम :-

आवेदक ने अनावेदकगण के विरूद्ध अंतर्गत धारा 384 भारतीय उत्तराधिकार अधिनियम वास्ते मृतक रूद्रेश्वर सिंह सराटिया के नाम पर अनावेदक क्रमांक की शाखा में जमा राशि को मय ब्याज प्राप्त करने के लिए आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है और आवेदन पत्र की सुनवाई पेशी तारीख 07.01.2026 को दिन के ठीक 11:00 बजे होगी।

अतः आपको ताकिद सूचनार्थ करते हैं कि आपको मुतलफिक की जायदाद में हक हासिल हो तो ऐसा दावा रखते है कि आप स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से उक्त तारीख को हक के कैफियत के साथ हाजिर हो। फिर भी आप उक्त दिनांक को हाजिर नहीं हुये तो उस आवेदन की सुनवाई आपकी गैर हाजिरी में की जावेगी। यदि उक्त तारीख को न्यायालय अवकाश रहता है तो अगले न्यायालयीन कार्य दिवस पर आवेदन की सुनवाई की जावेगी।

आज दिनांक 25.11.2025 को न्यायालय के पद मुद्रा से जारी किया गया।

(समीर कुजूर)
जिला न्यायाधीश
बैकुण्ठपुर, जिला-कोरिया (छ.ग.)


## तहसीलदार ने वार्डों का निरीक्षण कर मौके की स्थिति का जायजा लिया

# तहसीलदार ने बीएलओ को लगाई फटकार

नगर पालिका शिवपुर चरचा में शासन की अत्यंत महत्वपूर्ण प्रक्रिया एसआईआर (सोशल इकोनॉमिक रजिस्ट्रेशन) को पूरा करने के लिए प्रशासन लगातार प्रयासरत है। सभी वार्डों में बीएलओ और नगर पालिका कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है, फिर भी कई नागरिकों द्वारा अब तक फार्म नहीं भरवाए जाने से कार्य की गति चिंताजनक स्तर तक धीमी हो गई है।



हरिभूमि न्यूज. चरचा कॉलरी

गुरूवार को तहसीलदार अमृता सिंह स्वयं चरचा पहुंची और वार्डों का निरीक्षण कर मौके की स्थिति का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान यह देखकर गंभीर नाराजगी हुई कि अधिकांश पात्र लोगों के एसआईआर फार्म अभी तक नहीं भरे गए हैं, जबकि अंतिम तिथि 4 दिसंबर नजदीक है। तहसीलदार अमृता सिंह ने सभी जिम्मेदार कर्मचारियों को स्पष्ट चेतावनी देते हुए कहा कि समय बेहद कम है, आज ही अधिक से अधिक फार्म भरें और जमा करें, जो व्यक्ति बार-बार कहने पर भी फार्म जमा नहीं कर रहा है, उसका फार्म वापस लेकर सीधे एसडीएम कार्यालय में जमा किया जाए।

लोगों को साफ-साफ सूचित करें कि फार्म न भरने पर नाम हटाया जा सकता है और एसडीएम कार्यालय में जवाब देने के लिए तैयार रहना होगा। उन्होंने बीएलो से भी कहा कि क्षेत्र में घर-घर जाकर लोगों को एसआईआर के महत्व के बारे में समझाएं और सुनिश्चित करें कि कोई भी पात्र नागरिक प्रक्रिया से वंचित न रहे। तहसीलदार ने चेतावनी भरे लहजे में कहा कि प्रशासन ने इस कार्य को सर्वोच्च प्राथमिकता दी है, इसलिए लापरवाही पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। यदि किसी वार्ड में फार्म भराने में देरी या लापरवाही पाई गई तो जिम्मेदार कर्मचारियों के खिलाफ विभागीय कार्रवाई तक की गई जा सकती है।

### कलेक्टर ने बीएलओ को किया सम्मानित



सम्मानित करती कलेक्टर

बैकुण्ठपुर। जिले में चल रहे विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान (एसआइआर) के तहत विकासखंड बैकुंठपुर के 8 एवं सोनहत के 19 बीएलओ ने उत्कृष्ट एवं समयबद्ध कार्य करते हुए शत-प्रतिशत लक्ष्य हासिल किया। उनके इस सराहनीय प्रदर्शन पर कलेक्टर श्रीमती चंदन त्रिपाठी ने गुरूवार को उन्हें प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। कलेक्टर श्रीमती त्रिपाठी ने कहा कि मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्य में गुणवत्ता और समयबद्धता अत्यंत महत्वपूर्ण है और इन अधिकारियों का प्रयास जिले के अन्य क्षेत्रों के लिए अनुकरणीय है। इस अवसर पर उप जिला निर्वाचन अधिकारी डीडी मंडावी उपस्थित रहे।

## कन्या शाला बैकुंठपुर में मना संविधान दिवस



हरिभूमि न्यूज. बैकुण्ठपुर

शासकीय आदर्श कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बैकुंठपुर में संविधान दिवस के अवसर पर विभिन्न कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ संस्था के प्राचार्य अमृत लाल गुप्ता के द्वारा संविधान के निर्माता डॉक्टर भीमराव अंबेडकर के छायाचित्र पर माल्यार्पण कर किया गया।

इस समारोह के दौरान निहित मूल्यों और सिद्धांतों को उजागर करने और उन्हें दोहराने के उद्देश्य से कई गतिविधियां आयोजित किए गए। इसमें राष्टीय सेवा योजना के बैनर तले राष्टीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी सुश्री शाहिस्ता अंजुम अली मैडम द्वारा प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिताएं, निबंध प्रतियोगिता, चित्रकला प्रतियोगिता जैसे विभिन्न कार्यक्रम का आयोजन कराया गया। इसके पश्चात राष्टीय स्वयंसेवकों के द्वारा विद्यालय के प्रांगण तथा विद्यालय के सामने की साफ-सफाई का कार्य भी किया गया। आयोजित कार्यक्रम प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में नासरीन प्रथम एवं खुशबू यादव को द्वितीय स्थान प्राप्त हुआ। तथा पोस्टर प्रतियोगिता में वैष्णवी प्रथम, नेहा द्वितीय और फलक तृतीय स्थान प्राप्त की। संस्था के प्राचार्य अमृतलाल गुप्ता ने संविधान दिवस के मुख्य उद्देश्यों को बताया।



## घुटरा में अधिकारों और योजनाओं की दी विस्तृत जानकारी

**मनेन्द्रगढ़।** कलेक्टर डी. राहुल वेंकट के निर्देश तथा महिला एवं बाल विकास विभाग के जिला कार्यक्रम अधिकारी राजकुमार खाती के मार्गदर्शन में ग्राम घुटरा में बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ एवं लिंग आधारित हिंसा विषय पर विशेष जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, अधिकारों और विभिन्न शासकीय योजनाओं की जानकारी अधिकाधिक लोगों तक पहुंचाना था। मिशन शक्ति, मिशन वात्सल्य, नवा बिहान, सखी वन स्टॉप सेंटर तथा सेवा प्रदाता टीम द्वारा संयुक्त रूप से जागरूकता गतिविधियां संचालित की गई। टीम ने ग्रामीणों, शिक्षकों और छात्र-छात्राओं को पंपलेट वितरण कर महिला हेल्पलाइन 181, चाइल्ड हेल्पलाइन 1098, सखी वन स्टॉप सेंटर की सेवाएं, पीएमवीवाई, नोनी सुरक्षा योजना, मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना तथा सुकन्या समृद्धि योजना सहित विभिन्न सुरक्षा एवं समर्थन योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी। कार्यक्रम में पोक्सो एक्ट, पोश एक्ट, बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम तथा बाल श्रम निषेध कानून को बच्चों को सरल और समझने योग्य भाषा में बताया गया।

## बाल विवाह मुक्त जिला बनाए जाने कार्यक्रम



हरिभूमि न्यूज. बैकुण्ठपुर

भारत सरकार महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा जिलों में बाल विवाह मुक्त जिला बनाए जाने के लिए लक्ष्यों को प्राप्त करने की दिशा में हस्ताक्षेप की गति को तेज करने के लिए 100 दिवस का विषयगत अभियान संचालित किया जाना है।

इस अभियान के प्रथम चरण में बाल विवाह मुक्त कोरिया अभियान अंतर्गत विद्यालय और महाविद्यालयों में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया जाना है। अभियान अंतर्गत बाल विवाह मुक्त कोरिया अभियान विषय पर विद्यालय और महाविद्यालयों बाल विवाह पर जागरूकता कार्यक्रम, वाद-विवाद प्रतियोगिता, निबंध प्रतियोगिता, शपथ ग्रहण समारोह, सूचना चस्पा, कक्षाओं में पोस्टर, सूचना एवं संचार सामग्री का प्रदर्शन गतिविधियों का आयोजन किया जाना है, जिसके अनुक्रम में 27 नवंबर को नवीन महाविद्यालय बैकुंठपुर तथा पटना में विभिन्न प्रकार की गतिविधियों का आयोजन किया गया। इस अभियान कार्यक्रम में महाविद्यालय के छात्र-छात्रा शामिल हुए। उक्त अभियान के दौरान उपस्थित सभी को बाल विवाह की सूचना होने पर तत्काल बाल विवाह प्रतिषेध अधिकारी, जिला बाल संरक्षण अधिकारी, नजदीकी थान प्रभारी, चाईल्ड हेल्प लाईन 1098, महिला हेल्प लाईन 181 पर जानकारी देने का अनुरोध किया गया है। सभी को बताया गया कि बाल विवाह को गंभीर कानून अपराध मानते हुए दो साल की सजा या एक लाख रूपए तक जुर्माना या दोनों प्रावधान हैं। उक्त कार्यक्रम के सफल आयोजन में जिला बाल संरक्षण इकाई, चाईल्ड हेल्पलाईन एवं हॉर्ड संस्था बैकुंठपुर का विशेष योगदान रहा।

## संविधान दिवस पर बालसभा का आयोजन



**मनेन्द्रगढ़।** सरस्वती शिशु मंदिर मनेन्द्रगढ़ में संविधान दिवस के अवसर पर बालसभा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विद्यालय के व्यवस्थापक दिनेश्वर मिश्र मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय के प्राचार्य विनोद शुक्ला ने की, जबकि वरिष्ठ आचार्या श्रीमती दुर्गा माली विशिष्ट अतिथि रहीं।

कार्यक्रम की शुरूआत विधिवत दीप प्रज्जवलन और सरस्वती वंदना के साथ हुई। इसके पश्चात विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने भारतीय संविधान के महत्व, इसकी मूल भावना तथा नागरिक कर्तव्यों पर अपने विचार प्रस्तुत किए। बच्चों ने संविधान में निहित समानता, स्वतंत्रता, न्याय और बंधुत्व के सिद्धांतों पर आधारित प्रेरक वक्तव्य दिए, जिन्हें उपस्थित अतिथियों ने सराहा। सभा के दौरान आचार्या श्रीमती मोनिका श्रीवास्तव और श्रीमती नीतू सिंह ने भारतीय संविधान के निर्माण की प्रक्रिया, डॉ.भीमराव आंबेडकर की महत्वपूर्ण भूमिका, तथा संविधान के प्रमुख अनुच्छेदों पर सरल और प्रभावी जानकारी दी। मुख्य अतिथि श्री मिश्र ने संविधान को देश की आत्मा बताते हुए इसके महत्व पर विस्तृत प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि संविधान न केवल हमारे अधिकारों की रक्षा करता है बल्कि नागरिक कर्तव्यों का भी बोध कराता है। प्राचार्य विनोद शुक्ला ने सभी अतिथियों के प्रति आभार व्यक्त किया और बच्चों को संविधान की मूल भावना को जीवन में उतारने की प्रेरणा दी। कार्यक्रम का सफल संचालन श्रीमती नीतू सिंह द्वारा किया गया।

## विज्ञान प्रदर्शिनी, विद्यार्थियों ने रखे मॉडल

हरिभूमि न्यूज. मनेन्द्रगढ़

सीबीएसई के क्षेत्रीय कार्यालय भुवनेश्वर द्वारा राज्य स्तरीय विज्ञान प्रदर्शिनी का आयोजन छग की राजधानी रायपुर के कृष्णा पब्लिक स्कूल में बीते दिनों किया गया, इसके लिए संपूर्ण छग से मात्र 53 विद्यालयों का चयन किया गया। इस विज्ञान प्रदर्शिनी के लिए कोरिया एवं एमसीबी जिले से एक मात्र एकेडेमिक हाइट्स पब्लिक स्कूल मनेन्द्रगढ़ का चयन हुआ।



इस राज्य स्तरीय विज्ञान प्रदर्शिनी के लिए सीबीएसई द्वारा कुछ विषय दिए गए थे, इन्हीं विषयों पर आधारित विज्ञान के मॉडल बनाकर प्रदर्शित किए गए थे। एकडेमिक हाइट्स पब्लिक स्कूल से जूनियर ग्रुप से कक्षा आठवीं की छात्राएं कुमारी बिरासी अग्रवाल एवं कुमारी तनवी सिंह ने वाटर ट्रीटमेंट प्लांट विषय पर आधारित मॉडल को प्रदर्शित किया तथा सीनियर ग्रुप से कक्षा नवमीं के अक्षत गोयल एवं समीर ओरम ने एग्रीकल्चर वीथ टेक्नोलॉजी विषय पर अपने मॉडल को प्रदर्शिनी में रखा। सीबीएसई के उच्चाधिकारी इस विज्ञान प्रदर्शनी के मुख्य अतिथि थे, जिनके द्वारा इस प्रदर्शनी में रखे गए मॉडल का जजमेंट किया गया। एकेडेमिक हाइट्स पब्लिक स्कूल मनेन्द्रगढ़ के विद्यार्थियों द्वारा बनाए गए मॉडल की मुख्य अतिथियों एवं विशिष्ट अतिथियों ने काफी प्रशंसा की, जिससे विद्यार्थियों का उत्साह वर्धन हुआ। एकेडेमिक हाइट्स पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों ने विज्ञान विषय में अपनी रूचि एवं बुद्धिमत्ता का परिचय इस प्रदर्शिनी के माध्यम से दिया। विद्यार्थियों को मॉडल बनाने में विद्यालय के विज्ञान विषय के वरिष्ठ शिक्षक विनोद कुमार प्रजापति तथा विनय कुमार गुप्ता का मार्गदर्शन प्राप्त हुआ।

## 28 लाख की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत

हरिभूमि न्यूज. बैकुण्ठपुर।

राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग मंत्रालय महानदी भवन नवा रायपुर के राजस्व पुस्तक परिपत्र खंड 6-4 में संशोधित प्रावधानों में निहित प्रावधान अनुसार राजस्व पुस्तक परिपत्र खंड 6(4) के परिशिष्ट-1 की कंडिका-6(1) के तहत प्राकृतिक आपदा राहत के अंतर्गत 4-4 लाख रूपए की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत की है।

अपर कलेक्टर द्वारा प्राकृतिक आपदा में मृतकों के वारिसों को 28 लाख रूपए की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत की है। इसमें तहसील बैकुंठपुर के ग्राम सरड़ी निवासी खुशबू की मृत्यु पानी में डूबने से होने पर उनके वारिस रघुनंदन राजवाड़े, ग्राम जूनापारा के निवासी पुष्पेन्द्र का मृत्यु सर्पदंश से होने पर उनके वारिस संतलाल, ग्राम कदमनारा निवासी भगवत सिंह की मृत्यु सर्पदंश से होने पर उनके वारिस राकेश, ग्राम डोहडा निवासी सुंदर सिंह की मृत्यु पानी में डूबने से होने पर उनके वारिस सोमारू सिंह, तहसील पटना के ग्राम चिरगुड़ा निवासी प्रीति सिंह की मृत्यु पानी में डूबने से होने पर उनके वारिस अनिल सिंह, पुत्र प्रिंस सिंह एवं पुत्री सालनी सिंह, ग्राम तेंदुआ निवासी सुमित कुमार (बादल) की मृत्यु पानी में डूबने से होने पर उनके वारिस दिलीप कुमार एवं ग्राम डबरीपारा निवासी अजय सिंह की सर्पदंश से होने पर उनके वारिस बसंती को 4-4 लाख की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत की है।

## कालेज में संविधान प्रस्तावना का वाचन



**बैकुण्ठपुर।** शासकीय नवीन कन्या महाविद्यालय बैकुंठपुर में 26 नवंबर को संविधान दिवस के अवसर पर राष्टीय सेवा योजना (एनएसएस) एवं राजनीति शास्त्र विभाग के संयुक्त तत्वावधान में संविधान-प्रस्तावना का सामूहिक वाचन आयोजित किया गया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. रंजना नीलिमा कच्छप ने की। इस अवसर पर विधिक सेवा प्राधिकरण के अंतर्गत बैकुंठपुर सत्र न्यायालय से सत्र न्यायाधीश श्रीमती प्रतिक्षा अग्रवाल, तथा मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट एवं सचिव-न्यायाधीश, विधिक सेवा प्राधिकरण कोरिया श्रीमती अमृता दिनेश मिश्रा बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुईं। दोनों अतिथियों द्वारा महाविद्यालय की विभिन्न प्रतियोगिताओं में उत्तीर्ण छात्राओं को प्रमाण पत्र भी वितरित किए गए। प्राचार्य डॉ. कच्छप ने अपने संबोधन में संविधान की आवश्यकता, महत्व और समाज के विकास में उसकी भूमिका पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि कोई भी समाज संविधान के अभाव में लंबे समय तक अपना अस्तित्व कायम नहीं रख सकता। भारतीय संविधान की सबसे बड़ी खूबसूरती उसमें निहित समता का अधिकार है।

## पृष्ठ 1 का शेष

### भाजपा सरकार अंतिम...

सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में भाजपा जिला पदाधिकारी, महापौर रामनरेश राय, बेड़ो मल बालानी, आशीष मजूमदार आशीष सिंह, द्वारिका जायसवाल, राहुल सिंह, रामचरित द्विवेदी, रीत जैन, धर्मेन्द्र त्रिपाठी, गणेश ठाकुर सहित बूथ से लेकर शक्ति केन्द्रों तक के कार्यकर्ता, विभिन्न जिलों से आए जनप्रतिनिधि, वरिष्ठ नेता तथा पुलिस प्रशासन की टीम सहित विशाल जनसमूह उपस्थित रहा। भाजपा का यह नया जिला कार्यालय आने वाले समय में संगठन की मजबूती, संचालन एवं राजनीतिक गतिविधियों का एक प्रमुख केन्द्र बनेगा।

### बादल साफ होते...


अधिकतम एवं न्यूनतम तापमान में गिरावट हुई,इसके चलते इस दिन ठंड का असर अधिक रहा। मौसम विभाग के अनुसार बुधवार को अधिकतम तापमान 24 डिग्री तथा न्यूनतम तापमान 6 डिग्री तक गिर गया। यही कारण है कि इस दिन शाम ढलने के पूर्व से ही लोगों को ठंड के असर का सामना करना पड़ा। शाल ढलने के बाद हल्की ठंडी हवाओं ने ठंड के असर को और तेज कर दिया। इस दिन चालू सीजन का सबसे कम तापमान वाला दिन रहा। इस दिन जिले के पठारी एवं वनांचल क्षेत्रों में कंपकपी भरी ठंड के असर का सामना लोगों को करना पड़ा।

## विरोधः युवा कांग्रेस कार्यकर्ताओं को पुलिस ने किया हाउस अरेस्ट

# आदिवासी का मकान तोड़े जाने के विरोध में प्रदर्शन की तैयारी

हरिभूमि न्यूज. डोमनहिल

गरीब आदिवासी परिवार का मकान तोड़कर भाजपा द्वारा कार्यालय निर्माण किए जाने के विरोध में जिला युवा कांग्रेस गुरूवार को भाजपा प्रदेश अध्यक्ष को काला झंडा दिखाने जा रही थी, इसके लिए युवा कांग्रेस के कार्यकर्ता चिरमिरी स्थित गोदरीपारा से काला झंडा और काले गुब्बारे लेकर विरोध प्रदर्शन के लिए निकलने की तैयारी मे थे,लेकिन प्रदर्शन शुरू होने से पहले ही चिरमिरी पुलिस ने मौके पर पहुंचकर सभी युवा कांग्रेस कार्यकर्ताओं को रोकते हुए हाउस अरेस्ट कर लिया। पुलिस ने कार्यकर्ताओं को पार्षद कार्यालय में



बंद कर विरोध कार्यक्रम को आगे बढ़ने से रोक दिया। इस कार्रवाई के दौरान युवा कांग्रेस महासचिव एवं पार्षद राहुल भाई पटेल, पूर्व पार्षद एवं युवा कांग्रेस नेता शिवांश जैन, युवा कांग्रेस के पूर्व जिला महासचिव सदाशिव बारीक, युवा कांग्रेस विधानसभा महासचिव प्रिंस शाही, विधानसभा उपाध्यक्ष अशरफ अली, जितेन्द्र साव, राहुल मालिक, परवेज खान, विश्वदीप दास गुप्ता, दिनेश राही, संजय सिरदार, अभय कुमार, विक्रम सिंह चौहान सहित कई कार्यकर्ता उपस्थित रहे।